JAGRAN Josh

Simplifying Test Prep

WWW.JAGRANJOSH.COM

# करेंट अफेयर्स जून 2013

# विषय-सूची

विषय-सूची....2

प्रस्तावना....13

अंतरराष्ट्रीय | विश्व....14

अमेरिका ने ईरान की 8 पेट्रो-रसायन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया....14

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सीरिया के इस्लामी गुट अल नुसरा फ्रंट पर प्रतिबंध लगाया....14

विदेश मामलों के मंत्री सलमान खुर्शीद का सऊदी अरब दौरा संपन्न....14

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई की भारत यात्रा संपन्न....15

उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का चार दिन का उज्बेकिस्तान दौरा संपन्न....15

भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का थाईलैंड दौरा संपन्न....15

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग व एसीसीसी के मध्य हस्ताक्षर....17

शस्त्र व्यापार संधि पर 65 से अधिक देशों का हस्ताक्षर....17

भारतीय रक्षा मंत्री का ऑस्ट्रेलिया दौरा, नीतिगत एवं सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा....19

अमरीका का भारत और आठ अन्य देशों को ईरान से तेल आयात करने पर लगे प्रतिबंधों में छूट....20

सुजन राइस अमेरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की नई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार....20

वाणिज्य, उद्योग एवं वस्त्र मंत्री आनंद शर्मा का म्यामार दौरा संपन्न....20

भारत का म्यांमार में विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने हेतु 15 करोड़ डॉलर के ऋण का प्रस्ताव....21

उत्तर कोरिया का अमेरिका से युद्ध के खतरे को देखते हुए परमाणु शक्ति बढ़ाने का निर्णय....21

मिस्र ने सीरिया में विपक्ष का समर्थन करते हुए सीरिया के साथ सभी राजनयिक संबंध तोड़े....22

अफगान सेनाओं ने नाटो के नेतृत्व वाली सेना से देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली....22

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम-IV हेतु भारत और विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता....23

डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया अपने न्यूनतम दर पर....24

केरल राज्य यातायात योजना-2 हेतु भारत और विश्व बैंक के मध्य करार ....................25
अफगानिस्तान ने अमेरिका से द्विपक्षीय सुरक्षा समझौता पर बातचीत रोकी....................26
नेपाल के कपिलवस्तु जिले में स्कूल भवन का निर्माण....................26
राष्ट्रपति हामिद करजई तालिबान के साथ शांति वार्ता में शामिल होने पर सहमत....................27
नेपाल में राष्ट्रपति आदेश को चुनौती संबंधी याचिकाओं पर पीठ गठित ....................27
अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन ....................28
चौथी भारत-रूस व्यापार वार्ता स्पिएफ-2013 के फ्रेमवर्क के तहत आयोजित....................28
भारत और अमेरिका के बीच चौथी रणनीतिक वार्ता नई दिल्ली में सम्पन्न....................29
अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा उत्तराखण्ड के बाढ़ पीड़ितों हेतु डेढ़ लाख डॉलर की सहायता देने की घोषणा....................30
अमेरिका के विदेश मंत्री जॉन कैरी की तीन दिवसीय भारत यात्रा संपन्न....................30
एल्बेगदोर्ज त्साखिया लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए मंगोलिया के राष्ट्रपति निर्वाचित ....................32
थाइलैंड द्वारा उत्तराखंड बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्यों हेतु 1 लाख डॉलर की आर्थिक मदद....................32
भारत-चीन के मध्य विशेष प्रतिनिधियों की 16वें दौर की सीमा वार्ता सम्पन्न....................33
भारत तथा विश्व बैंक के मध्य बिहार पंचायत सुदृढ़ीकरण परियोजना हेतु समझौता....................34
विश्व की डायरी....................36
करेंट अफेयर्स क्विज....................43
राष्ट्रीय | भारत....................47
देश के 18 जिलों में रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना शुरू....................47
सूचना अधिकार के दायरे में राजनीतिक दल ....................47
पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तरप्रदेश और बिहार में हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित....................48
कोयला घोटाला: नवीन जिंदल एवं दसारी नारायण राव के खिलाफ एफआईआर दर्ज....................48
दर्दनिवारक दवा डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफीन के विनिर्माण, बिक्री व वितरण पर प्रतिबंध ....................49
भाजपा एवं जनता दल यूनाइटेड के बीच गठबंधन टूटा, एनडीए कमजोर....................50
भारत के राष्ट्रपति ने 8 व्यक्तियों को मंत्रिपरिषद का सदस्य नियुक्ति किया ....................50

प्रधानमंत्री द्वारा उत्तराखंड में बाढ़ आपदा राहत के लिए 1000 करोड़ रूपए की घोषणा ....51
राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 16वीं भारतीय सहकारिता कांग्रेस का उद्घाटन किया ....52
भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा 160 वर्ष पुरानी तार (टेलीग्राम) सेवा को बंद करने का निर्णय....53
जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार विदेशी नागरिकों के लिए भी उपलब्ध: सर्वोच्च न्यायालय....53
सूचना अधिकार के तहत राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति सचिवालय तथा विदेश मंत्रालय ....54
रेलवे द्वारा आरक्षित टिकट निरस्त्रीकरण के समयावधि के नियम में परिवर्तन ....54
विदेश मंत्रालय और नालंदा विश्वविद्यालय के मध्य मुख्यालय समझौते के प्रस्ताव को मंजूरी ....56
रेलमंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने एसएमएस आधारित रेल टिकट प्रणाली का शुभारंभ किया....57
राष्ट्रीय क्विज ....59
भारत की डायरी....62
अर्थव्यवस्था ....69
वित्त वर्ष 2012-13 में सकल घरेलू उत्पाद एक दशक में सबसे कम 5 प्रतिशत रहा ....69
टफ्स योजना का कार्यकाल 12वीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति तक....69
भारतीय रिजर्व बैंक ने नये बैंक खोलने के लिए अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए ....70
वर्ष 2012-13 में खाद्यान्न उत्पादन 260 मिलियन टन रहने का अनुमान....70
केंद्र सरकार ने रियल स्टेट नियामक एवं विकास विधेयक को अनुमोदित किया....71
ई-कॉमर्स पोर्टल अमेजन डॉट कॉम के भारत में कदम ....71
सोने की कीमते पांच सप्ताह के उच्चतम स्तर पर....72
देश का पहला सामाजिक प्रभाव वाला डीआईसीसीआई-एसएमई फंड जारी....72
सरकार ने स्पष्ट किये मल्टी ब्रांड रिटेल में एफडीआई के नियम ....72
नए बैंकिंग लाइसेंस पर रिजर्व बैंक जारी करेगा एक दस्तावेज....73
एक्सिस बैंक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक पर जुर्माना ....75
रूपया अब तक के न्यूनतम स्तर पर ....75
रूपये के गिरते मूल्य को थामने के लिए रिजर्व बैंक ने उठाये कदम....76

पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय मई 2013 में पिछले वर्ष के मुकाबले 9 फीसदी अधिक ....77
अप्रैल 2013 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर कम होकर दो प्रतिशत हो गई....77
मुद्रास्फीति मई 2013 में साढ़े तीन वर्ष के न्यूनतम स्तर पर पहुंची ....78
वर्ष 2013-14 में मौद्रिक नीति की पहली तिमाही की मध्यावधि समीक्षा....79
भारत का निर्यात मई 2013 में घटा, आयात एवं व्यापार घाटा बढ़ा....79
वित्त मंत्री ने किया भारत के पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बांड का उद्घाटन....80
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल-IIFCL) ....80
एफडीआई के 1647 करोड़ रुपये के 16 प्रस्तावों को मंजूरी....80
राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा 68वां सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत....81
नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 5 प्रतिशत विनिवेश हेतु शेयरों की बिक्री....83
सभी तरह की घरेलू गैस के दाम में वृद्धि संबंधी रंगराजन समिति की सिफारिशें मंजूर ....83
सीसीईए ने फसल वर्ष 2013-14 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 60 रुपए बढ़ाया ....84
चालू खाते का घाटा 2012-13 में जीडीपी के 4.8 प्रतिशत तक पहुंची ....85
नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में 7.64 प्रतिशत विनिवेश हेतु शेयरों की बिक्री को मंजूरी ....85
इकोनॉमिक करेंट अफेयर्स क्विज ....87
पर्यावरण | पारिस्थितिकी ....92
बोन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 29 अप्रैल से 3 मई 2013....92
मंगोलिया ने की वर्ष 2013 के विश्व पर्यावरण दिवस समारोह मेजबानी ....92
सिक्किम 2015 तक पूर्ण जैविक राज्य बनने की राह पर ....93
राजस्थान के अरावली पहाड़ियों पर बने छह किले यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल....93
जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी ने 5 जीएम फसलों के फील्ड परीक्षण के लिए स्वीकृति दी....96
न्यूक्वे (कॉर्नवाल) के पास असामान्य ब्लू जेलीफ़िश (Blue Jellyfish) खोजी गई....97
फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के भूजल में उच्च स्तर का विषाक्त रेडियोधर्मी आइसोटोप मिला ....97
विश्व बैंक रिपोर्ट: टर्न डाउन दा हीट क्लाइमेट एक्सट्रीम्स, रीजनल इम्पैक्ट्स और केस फॉर रिज़िलीअन्स....98

विज्ञान | तकनीक ....................................................101

प्रिज्म के माध्यम से कर रही है अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी निजी आकड़ों को हैक ....................................101

सबसे तेज सुपर कंप्यूटर बनाने का श्रेय चीन के नाम....................................101

डोमेन नेम डॉट राम के पंजीकरण पर भारत सरकार को आपत्ति....................................101

वैज्ञानिकों ने रक्त के नमूने से रोग का पता लगाने में सक्षम सेंसर चिप तैयार की ....................................102

लकड़ी, टिन और सोडियम का उपयोग कर पर्यावरण के अनुकूल बैटरी का विकास....................................103

यूरोपियन सदर्न ऑब्ज़र्वेटरी (ESO) ने विशाल ब्लैक होल के आसपास धूल के कणों को पाया....................................103

साइंस करेंट क्विज ....................................104

न्यूज़ कैप्सूल....................................106

सरदार रमेश सिंह अरोड़ा पाकिस्तान के विधानसभा में नामित प्रथम सिख विधायक ....................................106

पीएमएल-एन के नेता अयाज सादिक पाकिस्तान में नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित....................................106

मानव संसाधन मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का गठन किया ....................................107

आईआरएस अधिकारी सुधा शर्मा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अध्यक्ष नियुक्त ....................................107

केरल राज्य में स्थित अष्टमुदी झील से देश की पहली समुद्री विमान सेवा का उद्घाटन....................................108

इसरो द्वारा कैलीफोर्निया इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालॉजी में प्रो. सतीश धवन फेलोशिप स्थापित ....................................108

फिल्म नि:शब्द से करियर शुरू करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान का निधन ....................................108

फ्रांस के लीजेंड आफ प्लेनेट पुरस्कार से सुलभ के प्रणेता डॉ. बिन्देश्वर पाठक सम्मानित ....................................109

मंगोलिया ने की वर्ष 2013 के विश्व पर्यावरण दिवस समारोह मेजबानी ....................................109

राघव जुनेजा मांउट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पहले भारतीय बनें ....................................110

नवाज शरीफ ने तीसरे कार्यकाल के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली ....................................110

समाजशास्त्री वर्जिनियस खाखा राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) के सदस्य नियुक्त ....................................111

केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास और रोजगार दिलाने की योजना रोशनी प्रारंभ....................................112

रूखसार अमरोही द्वारा लिखित पुस्तक दर्द-ए-दिल लिखूं कब तक का विमोचन....................................113

केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी का गठन ....................................113

विश्व महासागर दिवस (World Oceans Day) विश्वभर में मनाया गया....................................................114
मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रवि सावंत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के कोषाध्यक्ष नियुक्त.................................114
श्रीलंका के पहले आधिकारिक टेस्ट मैच में अम्पायर रहे केटी फ्रांसिस का निधन............................................115
भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी का भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदों से इस्तीफा ..........................115
पूर्व केंद्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ से कांग्रेस पार्टी के नेता विद्याचरण शुक्ल का निधन..........................................117
भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास इंद्र-2013 का आयोजन अक्टूबर 2013 में.......................................119
नेताजी सुभाषचंद्र बोस के साथी व आजाद हिंद फौज के योद्धा सागर सिंह का निधन.........................................119
नोमाडिक एलिफेंट-2013 नामक संयुक्त सैन्याभ्यास का आयोजन ..........................................................120
विश्व के सबसे उम्रदराज व्यक्ति जिरोमोन किमुरा का 116 वर्ष की आयु में निधन............................................120
अमेठी (उप्र) में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हेतु आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय.............................120
अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस: विषय घरेलू कार्य से बाल श्रम की समाप्ति.................................................121
विश्व रक्त दाता दिवस का उद्देश्य विश्वभर में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना................................................121
पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ (Pervez Musharraf) गिरफ्तार ...............................................121
बृज नारायण मणि और डॉ. गुरुजीत सिंह 20वें विधि आयोग के अल्पकालिक सदस्य नियुक्त ...............................122
पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य पद से इस्तीफा..................................123
तमिल फिल्म निर्देशक और अभिनेता मनिवन्नन (Manivannan) का चेन्नई में निधन................................123
आयशा फारूक़ पाकिस्तान की पहली महिला लड़ाकू विमान चालक बनीं .....................................................124
शिल्पकार अनीश कपूर सहित भारतीय मूल के 25 लोगों को नाइटहुड सम्मान हेतु चयनित................................124
केंद्रीय आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री अजय माकन का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा .............................125
ईरान के उदारवादी नेता हसन रोहानी ईरान के राष्ट्रपति निर्वाचित..........................................................126
भारत में 16 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण दिवस मनाया गया ......................................................127
मलेशियाई लेखक तान वांग इंग वाल्टर स्कॉट पुरस्कार 2013 से सम्मानित ................................................128
सीपीआई के पूर्व विधायक और कामरेड सतपाल डांग का अमृतसर में निधन................................................128
तान वांग इंग का उपन्यास द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स को वाल्टर स्कॉट पुरस्कार-2013...............................130

ब्राजील ने स्पेन को पराजित कर फीफा कन्फेडरेशंस कप ब्राजील 2013 का खिताब जीता ....................180
स्पोर्ट्स क्विज ....................181
कार्पोरेट ....................183
एनआर नारायणमूर्ति इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त ....................183
रमेश नैयर भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) के अध्यक्ष नियुक्त ....................183
उद्योगपति डा. गौर हरि सिंघानिया जेके ग्रुप ऑफ आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष नियुक्त....................184
एसके रॉय भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अध्यक्ष नियुक्त....................184
वाल्वो ने कॉम्पैक्ट क्रासओवर वाहन वी40 क्रास कंट्री को भारत में लॉन्च किया ....................185
सुब्रमण्यन रामादोरई एयर एशिया इंडिया के अध्यक्ष और रतन टाटा मुख्य सलाहकार नियुक्त ....................186
वित्त मंत्री ने किया भारत के पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बांड का उद्घाटन ....................187
दूरसंचार क्षेत्र की कंपनी एमटीएस ने 199 रुपए में ऑलवेज टॉक प्लान लॉन्च किया ....................188
राज जैन ने वॉलमार्ट इंडिया (Wal-Mart India) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया....................188
अमेरिकी कंपनी फोर्ड ने भारत में एसयूवी इकोस्पोर्ट (Eco-Sport) लॉन्च की ....................189
दोपहिया वाहन कंपनी केटीएम ने भारत में स्पोर्ट बाइक ड्यूक 390 लॉन्च की ....................190
गैर बैंकिंग कंपनी द्वारा देश का पहला एटीएम ठाणे जिले के चंद्रपाडा में स्थापित ....................191
कार्पोरेट क्विज....................192
राज्य ....................194
आंध्रप्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्वर्ण कन्या (बंगारू टल्ली) कार्यक्रम शुरू....................194
कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर वेब-कैमरों द्वारा निगरानी रखने का निर्णय ....................195
कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 121सीटों के साथ कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत ....................195
नक्सल ग्रस्त क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का निर्णय....................196
कर्नाटक में मंत्रिमण्डल का विस्तार, मंत्रिमंडल में 28 मंत्रियों को शामिल किया गया ....................197
उत्तर प्रदेश सरकार ने निमेष आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार किया ....................197
भुपेन्दर सिंह हुड्डा ने करनाल में प्रियदर्शिनी आवास योजना का शुभारंभ किया....................198

उत्तर प्रदेश सरकार करेगी छह निवेश क्षेत्रों को औद्योगिक गलियारे में शामिल करने की मांग ................................198

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष औद्योगिक विकास पैकेज की अवधि बढ़ाई ......................................199

वर्ष 2013-14 के लिए गुजरात के 59 हजार करोड़ रुपए के वार्षिक योजना व्यय को मंजूरी....................................201

विधानसभा में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनतादल (यू) सरकार को विश्वास मत प्राप्त...................................202

कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 50 करोड़ रुपए का योगदान...........................................................................202

एक पंक्ति में...........................................................................................................................204

# अंतरराष्ट्रीय | विश्व

## अमेरिका ने ईरान की 8 पेट्रो-रसायन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने के उद्देश्य से उसकी 8 पेट्रोरसायन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया. इन कंपनियों का स्वामित्व और नियंत्रण ईरान सरकार के पास है. इन कंपनियों में बंदर इमाम पेट्रोकेमिकल कंपनी, बोउ अली सिना पेट्रोकेमिकल कंपनी और मोबिन पेट्रोकेमिकल कंपनी शामिल हैं. अमेरिका के वित्त विभाग ने पहली बार पेट्रोरसायन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है. यह कंपनियां ईरान की विदेशों से होने वाली आय का सबसे बड़ा स्रोत है. अमेरिका ने ईरान से पेट्रोरसायन उत्पादों की खरीद के लिए लेन-देन में शामिल खाड़ी क्षेत्र की एक फूड और बेवरेज कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया है.

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सीरिया के इस्लामी गुट अल नुसरा फ्रंट पर प्रतिबंध लगाया

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सीरिया के इस्लामी गुट अल नुसरा फ्रंट पर अलकायदा के साथ संबंध होने के कारण प्रतिबंध लगा दिया. ऑस्ट्रेलिया के राजदूत गैरी क्विनलेन की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया. सुरक्षा परिषद की सीरिया के अभिवादी विद्रोही गुट अल नुसरा फ्रंट पर प्रतिबंध के चलते उसे कोई भी देश हथियारों की आपूर्ति अब नहीं कर सकता है. उसके बैंक खातों पर रोक लगा दी जानी है और अल नुसरा गुट के सदस्यों की किसी भी देश में आवाजाही पर रोक लग जानी है. अल नूसरा फ्रंट सीरिया सरकार के विरुद्ध संघर्ष में आगे रहा है लेकिन उसके कट्टरपंथी इरादों, सीरिया में रूढ़िवादी मुस्लिम सरकार के गठन के वायदे और आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े होने के चलते सुरक्षा परिषद ने यह प्रतिबंध लगाया. विदित हो कि अमेरिका ने दिसंबर 2012 में ही अल नुसरा को अलकायदा से जुड़े होने के चलते आतंकी संगठनों की काली सूची में डाल दिया था.

## विदेश मामलों के मंत्री सलमान खुर्शीद का सऊदी अरब दौरा संपन्न

भारतीय विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद 24 से 27 मई 2013 तक सऊदी अरब के दौरे पर रहे. इस दौरान उन्होंने वहां के विदेश मंत्री शहजादा सऊद अल-फैसल के साथ 24 मई 2013 को बैठक की. दोनों के बीच आतंकवाद के विरूद्ध सहयोग को अधिक सशक्त बनाने पर सहमति हुई. अपने इस अधिकारिक दौरे के दौरान भारत के विदेशी मामलों के मंत्री ने सऊदी अरब के विभिन्न नेताओं से *नियाकत कानून* तथा ऊर्जा संरक्षण मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की. विदेश मंत्री का यह दौरा पांच सालों के बाद किसी विदेश मंत्री का सऊदी दौरा है. इससे पहले 2008 में तत्कालीन विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी ने दौरा किया था.

## अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई की भारत यात्रा संपन्न

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई 20 से 22 मई 2013 तक भारत दौरे पर रहे. उन्होंने भारतीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से 21 मई 2013 को बैठक के साथ बैठक की. दोनों राष्ट्रपतियों के मध्य अफगानिस्तान की सरकार एवं नागरिकों के पुनर्निर्माण व विकास कार्यों के लिए सहयोग प्रदान करने को लेकर चर्चा की. भारतीय राष्ट्रपति ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति को भरोसा जताया कि अफगानिस्तान के संस्थागत निर्माण, प्रशिक्षण एवं उपकरणों के संदर्भ में भारत हर संभव सहायता देने को तैयार है. अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई 21 मई 2013 को ही भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से भी बैठक की जिसके दौरान अफगानिस्तान एवं भारत के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने एवं घातक व गैर घातक हथियारों की आपूर्ति के संदर्भ में वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई.

## उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का चार दिन का उज्बेकिस्तान दौरा संपन्न

भारत के उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी 21 से 24 मई के मध्य उज्बेकिस्तान की यात्रा की. इस दौरान उन्होंने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति इस्लाम करीमोव से बैठक की. दोनो के मध्य आतंकवाद से निपटने, अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति और वहां से नेटो सेनाओं की प्रस्तावित वापसी के बाद की स्थिति के बारे में च्रर्चा हुई. दोनो देशों के बीच सूचना प्रद्यौगिकी केंद्र को उच्चस्तरीय संस्थान बनाए जाने से सम्बंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए. उपराष्ट्रपति से पहले वर्तमान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2006 में उज्बेकिस्तान का दौरा किया था जबकि 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंहा राव उज्बेकिस्तान के दौर पर गए थे. इस दौरे से भारत-उज्बेकिस्तान के बीच 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को सुदृढ़ करने में सहयता होगी. भारत की फार्मा एवं आईटी क्षेत्र की कंपनियां उज्बेकिस्तान में अच्छा व्यापार कर रही हैं.

वहीं इस्लाम ने करीमोव कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता के रूप में वर्ष 1991 में तथा उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में 1994, 2000, 2005 तथा 2011 में भारत का दौरा किया था. उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के साथ भारत सरकार में पर्यावरण मंत्री जयंती नटराजन और चार अन्य सांसद भी इस दौरे पर गये थे, जिनके नाम हैं: के. एन. बालागोपाल, शिवानंद तिवारी, सुमित्रा महाजन और ई. एम. एस. नाट्चीअप्पन.

## भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का थाईलैंड दौरा संपन्न

भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने 30 से 31 मई 2013 के दो दिवसीय थाईलैंड दौरे के दौरान थाईलैंड के प्रधानमंत्री यिंगलक शिनावात्रा (Yingluck Shinawatra) के साथ 30 मई 2013 को मुलाकात की. दोनो प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा आपसी हितों के बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई.

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान सात संधियों एवं समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमे विभिन्न अपराधों के लिए हुई प्रत्यर्पण संधि प्रमुख है. ऐतिहासिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक संधियों के मद्देनजर भारत-थाईलैंड हितों, अधिक सशक्त, वृहद तथा गहन सम्बंधों को लेकर हाल के वर्षों में हुई प्रगति की दोनो नेताओं ने समीक्षा की. साथ ही, भारत की 'लुक ईस्ट' तथा थाईलैंड की 'लुक वेस्ट' नीतियों को लेकर थोड़ी-बहुत हुई प्रगति के बावजूद दोनो देशों मध्य सम्बंधों के विस्तार को लेकर सहमति बनी.

प्रधानमंत्री ने अपनी थाईलैंड यात्रा के दौरान थाईलैंड के राजा भूमिबोल अदुल्यदेज ( Bhumibol Adulyadej) से भी मुलाकात की. प्रधानमंत्री ने उन्हें बोध गया के पवित्र बोधी वृक्ष का बालवृक्ष भारत-थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृति विरासत के प्रतीक के रूप में विशिष्ट उपहारस्वरूप भेंट की. भारतीय प्रधानमंत्री के साथ भारत के विदेश मामलों के मंत्री और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी थाईलैंड दौरे पर था.

## प्रधानमंत्री की थाईलैंड यात्रा के दौरान भारत-थाईलैंड के बीच हुए सात संधि एवं समझौते निम्न हैं:

1. आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक एवं अन्य मामलों में भगोड़े अपराधियों को लेकर प्रत्यर्पण संधि. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल (Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

2. भारत-थाईलैंड के बीच विनिमय-कार्यक्रम को लेकर करार ( एमओयू). आर्थिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक, तकनीकी तथा सांस्कृतिक सहयोग तथा दोनो देशों के नागरिकों में आपसी समझ को बढ़ावा देने के माध्यम से दोनों देशों के द्विपक्षीय सम्बंधों को प्रगाढ़ बनाये जाएंगे. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल ( Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

3. सजा प्राप्त कैदियों के स्थानांतरण को लेकर 25 जनवरी 2012 को हुई द्विपक्षीय संधि को दोनो देशों ने अंगीकृत किया. भारत की ओर से विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद एवं थाईलैंड की ओर से उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री सूरापोंग तोविचाक्चाईकुल (Surapong Tovichakchaikul) ने हस्ताक्षर किए.

4. जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी और सर्वे ऑफ इंडिया के मध्य मैपिंग एवं जिओस्पेशिअल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशंस के क्षेत्र में करार. भारत की ओर से थाईलैंड में भारत के राजदूत अनिल बाधवा तथा जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी की ओर से कार्यकारी निदेशक एनांड स्नीड्वोंग्स (Anond Snidvongs) ने हस्ताक्षर किए.

5. जिओ-ईंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट एजेंसी तथा नेशनल एटलस एंड थीमैटिक ऑर्गेनाइजेशन फॉर कोऑपरेशन के बीच मैपिंग एवं जिओस्पेशिअल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशंस के क्षेत्र में

रहा है. हालांकि गठबंधन सेना द्वारा जरूरत पड़ने पर अफगान सैनिकों की मदद की जानी है, लेकिन गठबंधन सेना द्वारा सैन्य अभियान का नेतृत्व नहीं किया जाना है.

विदित हो कि इस कदम से अगले 18 महीने में अफगानिस्तान से नाटो सैनिकों की वापसी का रास्ता भी खुल गया. नाटो के महासचिव एंडर्स फोग रसमुसेन हैं. अफगानिस्तान में आईएसएएफ के करीब 97000 सैनिक मौजूद हैं, जो 50 सहयोगी देशों के हैं. इनमें सर्वाधिक संख्या में 68000 सैनिक अमेरिका से हैं. वर्ष 2014 के आखिर तक लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय सैनिकों द्वारा अफगानिस्तान से बाहर चले जाना है तथा बहुत थोड़ी संख्या में सुरक्षा बलों द्वारा अफगानिस्तान के सैनिकों को प्रशिक्षण एवं सलाह देने हेतु रुका जाना है.

## राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम -IV हेतु भारत और विश्व बैंक के मध्य ऋण समझौता

भारत और विश्व बैंक ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी-IV) के लिए 255 मिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए. भारत सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव निलय मिताश तथा विश्व बैंक की ओर से देश के निदेशक (कंट्री डायरेक्टयर) ओनो रूल ने नई दिल्ली में 18 जून 2013 को हस्ताक्षर किए. इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2017 तक एड्स बीमारी वाले अधिक जोखिम वाले समूहों के व्यवहार में सुधार के लिए भारतीय लक्ष्य में योगदान करना है. कार्यक्रम के तीन भाग हैं और इसे राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर लागू किया जाना है. तीन भाग निम्नलिखित हैं:-

- बचाव लक्ष्य को बढ़ाना
- व्यवहार परिवर्तन संवाद-सूचना
- संस्थागत मजबूती

### राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम ( National AIDS Control Programm) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन का एक कार्यक्रम है. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (National AIDS Control Organisation, NACO) की स्थापना वर्ष 1992 की गई थी. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक विभाग है. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा चलाया जाता है. पहला राष्ट्री य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम 1992 में आरंभ किया गया और इस केंद्रीय कार्यक्रम को विश्वर बैंक से वित्तीय सहायता प्रासक हुई. यह कार्यक्रम 1997 में समासल हुआ. दूसरे राष्ट्रीबय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत 1999

अध्यादेशों की भी जांच की जानी है. सर्वोच्च न्यायालय ने 20 जून 2013 को प्रशासन को निर्देश दिया कि मुख्य न्यायाधीश को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाए जाने संबंधी सभी मामलों को उसके सामने पेश किया जाए . इस मुद्दे पर अंतिम सुनवाई 4 जुलाई 2013 को होनी है.

## अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया. अमेरिका के विदेश मंत्री जॉन केरी ने भारत को एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा है कि एक मजबूत भारत अमेरिका के हित में है. दोनों देशों के बीच जून 2013 में नई दिल्ली में हुई कूटनीतिक वार्ता के पहले जॉन केरी ने भारतीयों के नाम एक वीडियो संदेश में यह बात कही.

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक अंग है, जिसकी उत्तरदायित्व है अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना. परिषद को अनिवार्य निर्णयों को घोषित करने का अधिकार भी है. ऐसे किसी निर्णय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव कहा जाता है . संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 15 सदस्य हैं, 5 स्थाई और 10 अल्पकालिक. पांच स्थाई सदस्य हैं- चीन, फ़्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) और यूनाइटेड स्टेट्स (अमेरिका). इन पांच देशों को कार्यविधि मामलों में तो नहीं पर विधिवत मामलों में प्रतिनिषेध शक्ति है. बाकी के 10 सदस्य क्षेत्रीय आधार के अनुसार 2 वर्ष की अवधियों के लिए समान्य सभा द्वारा चुने जाते हैं. सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष प्रत्येक महीने बदलता है.

## चौथी भारत-रूस व्यापार वार्ता स्पिएफ-2013 के फ्रेमवर्क के तहत आयोजित

चौथी भारत-रूस व्यापार वार्ता सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनोमिक फोरम (स्पिएफ)-2013 के फ्रेमवर्क के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वाणिज्य और उद्योग मंत्री आनंद शर्मा और रूसी परिसंघ के उद्योग एवं व्यापार मंत्री डेनिस मन्तुरोव ने संयुक्त रूप से की. व्यापार वार्ता में कई प्रमुख भारतीय एवं रूसी कंपनियों ने हिस्सा लिया. दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया. इसमें दिल्ली मुंबई औद्योगिक गलियारा परियोजना के बारे में व्याख्यान दिए गए, जिनमें बुनियादी ढांचा क्षेत्र के अंतर्गत रूसी कंपनियों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला गया. स्पिएफ-2013 के अवसर पर यूरोएशियन इकोनोमिक कमीशन के अध्यक्ष विक्टर ख्रिस्तेन्को के साथ भारत के उद्योग मंत्री की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें भारत और बेलारूस, कजाकिस्तान और रूसी परिसंघ के सीमा-शुल्क संघ के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते-(सीईसीए) के बारे में बातचीत हुई. उद्योग मंत्री आनंद शर्मा ने स्पिएफ 2013 के फ्रेमवर्क के अंतर्गत एक परिचर्चा में भी हिस्सा लिया, जिसका विषय था ब्रिक्स भागीदारी- वैश्विक प्रबंधन में संभावनाएं और सीमाएं.

• राजनीतिक दल आम नागरिकों के हितों के लिए कार्यरत होते हैं.

## पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तरप्रदेश और बिहार में हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित

पांच राज्यों-पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तरप्रदेश महाराष्ट्र और बिहार में लोकसभा की चार और विधानसभा की 6 सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम 5 जून 2013 को घोषित कर दिया गया. गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा की दो सीटों-पोरबंदर और बनासकांठा का उपचुनाव जीत लिया हैं. ये दोनों सीटें पहले कांग्रेस के पास थीं. भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विठ्ठल रदाड़िया ने पोरबंदर सीट कांग्रेस के वीनूभाई अमीपारा को पराजित कर और भाजपा के ही हरिभाई चौधरी ने बनासकांठा लोकसभा सीट कांग्रेस की उम्मीदवार कृष्णा बेन मुकेश कुमार गड़वी को पराजित कर जीती. भाजपा गुजरात की जैतपुर, लिमड़ी, धौरजी और मोरवा हाद्फा विधानसभा सीटों पर भी विजयी रही. भाजपा ने गुजरात की सभी 6 सीटें ( लोकसभा -2 , विधानसभा-4) कांग्रेस से छीनीं.



गुजरात की दोनों लोस व चारों विस सीटें भाजपा को, महाराजगंज में जदयू हारी हावड़ा में तृकां जीती यवतमाल विस सीट कांग्रेस को, हंडिया फिर सपा के पास

किसी में भरोसा तो किसी को सबक

उप चुनाव नतीजों पर एक नजर

लोकसभा (चार सीटें)

| सीट | राज्य | विजेता पार्टी | पहले किसके पा |
|---|---|---|---|
| महाराजगंज | बिहार | राजद | राजद |
| हावड़ा | प. बंगाल | तृणमूल | तृणमूल |
| पोरबंदर | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |
| बनासकांठा | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |

राज्य विधानसभा (छह सीटें)

| सीट | राज्य | विजेता पार्टी | पहले किसके पा |
|---|---|---|---|
| यवतमाल | महाराष्ट्र | कांग्रेस | कांग्रेस |
| हंडिया | उत्तर प्रदेश | सपा | सपा |
| मोरवा हडफ | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |
| लिंबडी | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |
| धोराजी | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |
| जेतपुर | गुजरात | भाजपा | कांग्रेस |

पश्चिम बंगाल में हावड़ा लोकसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी को विजय मिली है. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार को हराया. बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार प्रभुनाथ सिंह महाराजगंज लोकसभा सीट से निर्वाचित घोषित किए गए. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार को एक लाख सैंतीस हजार से अधिक मतों से हराया. उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी समाजवादी पार्टी ने हंडिया विधानसभा की सीट पर जीत ली. कांग्रेस ने केवल महाराष्ट्र में यवतमाल विधानसभा सीट ही जीत पाई.

## कोयला घोटाला: नवीन जिंदल एवं दसारी नारायण राव के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कोयला आवंटन घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 11 जून 2013 को कांग्रेस सांसद एवं उद्योगपति नवीन जिंदल एवं पूर्व कोयला राज्य मंत्री दसारी नारायण राव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. दोनो सांसदों पर झारखंड के अमरकोंडा, मुर्गादंगल में कोयले के आवंटन प्राप्त करने के लिए तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत करने, पिछले आवंटनों को छिपाने, धोखाधड़ी एवं जालसाजी के आरोप लगाये गए. सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) एवं गगन स्पंज आयरन ने 2008 में कोयले की खदानों को प्राप्त करने के लिए अपनी सम्पत्तियों सम्बन्धित सूचनाओं को गलत ढंग से पेश किया एवं कई आवश्यक सूचनाओं को छिपाया.

सीबीआई ने पूर्व कोयला राज्य मंत्री दसारी नारायण राव के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की. वे 2004 से 2006 के बीच एवं 2006-2008 के बीच कोयला राज्य मंत्री थे. दसारी नारायण राव पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कोयला आवंटन करने वाली समिति के निर्णयों को प्रभावित किया था तथा उनकी कंपनी सौभाग्य मीडिया में जिंदल ग्रुप की ओर से 2.25 करोड़ का निवेश किया गया था.

## कोयला घोटाला

देश के विभिन्न राज्यों में कोयले की खदानों के आवंटन को लेकर पाई गई अनियमितताओं को मार्च 2012 को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परिक्षक (सीएजी) के रिपोर्ट में उजागर किया गया था. रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि वर्ष 2004 से 2009 के बीच विभिन्न कोयले की खदानों के आवंटन अपर्याप्त मानकों के आधार पर किये गए. सीएजी ने अपनी अंतिम रिपोर्ट में इन अनियमितताओं के चलते भारत सरकार को हुए नुकसान की राशि को 185591 करोड़ रूपये दर्शाया. इन आवंटनों के लाभार्थियों में जिंदल समूह भी एक है.

## दर्दनिवारक दवा डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफीन के विनिर्माण, बिक्री व वितरण पर प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने दर्द निवारक दवा (पेनकिलर मेडिसिन) डेक्सट्रोप्रोप्राक्सीफीन के विनिर्माण, बिक्री व वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया. यह प्रतिबंध ड्रग्स एंड कास्मेटिक एक्ट 1940 की धारा 26 ए के तहत लगाई गई. कई फार्मा ब्रांड इस दवा का प्रयोग पैरासिटामोल के साथ दर्दनिवारक के तौर पर करते हैं. इन ब्रांड्स में वॉकहार्ट का प्रॉक्सीवॉन और रैनबैक्सी का सुथीनॉल, यूएसवी का डेक्सोवॉन, जैग्सनपाल का पारवॉन, पारवॉन-एन, पारवॉन स्पाज, पारवॉन फोर्टे, ल्यूपिन का ल्यूपिवॉन और वालेसे का वालाजेसिक मुख्य हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफीन दवा का उपयोग खतरनाक है. इस दवा के सुरक्षित विकल्प बाजार में उपलब्ध हैं. भारत में इस दवा की बिक्री 70 करोड़ रुपए की है. केंद्र के आदेश के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस दवा का विनिर्माण, बिक्री और वितरण रोक दिया है.

विदित हो कि गंभीर दुष्प्रभाव (साइडइफेक्ट्स) के कारण डेक्सट्रोप्रोपॉक्सीफीन को अमेरिका के बाजार से वर्ष 2010 में वापस ले लिया गया था. ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय बाजारों में भी वर्ष 2007 से 2009 के दौरान इस दवा पर रोक लगा दी गई थी. यूरोपीय औषधि एजेंसी ने वर्ष 2009 में इसे समूचे यूरोपीय संघ से हटाने की सिफारिश की थी. दवा महानियंत्रक (ड्रग कंट्रोलर जनरल) ने वर्ष 2010-11 के दौरान एंटी-डायबिटिक ड्रग रोजिगिल्टाजोन, मोटापा दूर करने वाली दवा सिबूट्रैमाइन, बच्चों की दर्दनिवारक निमुस्यूलाइड, एंटीबायोटिक गैफ्लॉक्सीन जैसी दवाओं पर रोक लगा दी थी.

## भाजपा एवं जनता दल यूनाइटेड के बीच गठबंधन टूटा, एनडीए कमजोर

राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दलों में से एक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने गठबंधन से अलग होने की घोषणा की. जदयू पार्टी के अध्यक्ष शरद यादव एवं बिहार में जदयू के नेतृत्व वाली सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा 16 जून 2013 को की. जदयू के अलग होने से एनडीए के प्रमुख घटक दल बीजेपी एवं जदयू के बीच 17 वर्ष पुराना गठबंधन टूट गया और साथ ही देख की प्रमुख विपक्षी गठबंधन एनडीए जदयू के इस फैसले से कमजोर पर पड़ गया. एनडीए से अलग होने की घोषणा के साथ ही नीतिश कुमार ने बिहार के राज्यपाल डी. वाई पाटिल ने राज्य सरकार में शामिल बीजेपी के ग्यारह मंत्रियों को हटाये जाने की भी सिफारिश की. जदयू से एनडीए से अलग होने के कारणों के बारे घोषणा की कि बीजेपी ने एनडीए के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन किया और गठबंधन के राष्ट्रीय एजेंडे से हट गई.

### एनडीए

राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की रचना वर्ष 1998 में की गई थी. इस गठबंधन में प्रमुख पार्टी बीजेपी के अतिरिक्त 13 अलग-अलग पार्टियां सम्मिलित की गईं थीं. अपने गठन के एक वर्ष के भीतर ही यह गठबंधन तमिलनाडु एवं पुदुचेरी के प्रमुख राजनीतिक दल आल इंडिया अन्ना द्रविड मुन्नेत्र कझागम (एआईडीएमके) के अलग हो जाने बाद यह टूट गया था, लेकिन 1999 के आम चुनावों में फिर से गठबंधन की जीत हुई और सरकार बनीं. यह गठबंधन 1998 से 2004 तक सत्ता में रहा. इस बाद से संसद में विपक्षी दल के रूप में कार्यरत रहा है.

## भारत के राष्ट्रपति ने 8 व्यक्तियों को मंत्रिपरिषद का सदस्य नियुक्ति किया

भारत के राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सलाह पर 8 व्यक्तियों को मंत्रिपरिषद का सदस्य नियुक्त किया. नियुक्ति के बाद राष्ट्रपति ने 17 जून 2013 को राष्ट्रपति भवन में मंत्रिपरिषद के इन सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा प्रधानमंत्री की सलाह पर नवनियुक्त मंत्रियों को निम्नपलिखित विभाग सौंपने का निर्देश भी दिया. मल्लिकार्जुन खड़गे को रेल मंत्रालय दिया गया.

• गुजरात तथा राजस्थान ने 2-2 करोड़ रूपए

उत्तराखंड में ताजा अनुमानों में मृतकों का आंकडा 102 सामने आया है पर आशंका है इसमें और बढ़ोत्तरी हो सकती है. अब तक 10 हजार से अधिक लोगों को बचाया गया है और उन्हें भोजन, कपड़े, तथा शरण दी गई है. अभी भी कई लोग फंसे हुए है. सबसे अधिक क्षति केदारनाथ और उसके आस पास के क्षेत्र में हुई है. केन्द्र और राज्य सरकार ने इस विकट त्रासदी से निपटने के लिए तुरंत सभी संभव संसाधन तैनात कर दिए हैं. राहत और बचाव के उपायों में सेना के लगभग 5500 जवान और अधिकारी, सीमा सड़क संगठन के 3000 कर्मी तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 600 जवान लगे हैं. राष्ट्रीय आपदा बचाव समूह के 13 दलों को तैनात किया गया. भारतीय वायुसेना ने 18 हेलीकॉप्टर और एक सी-130 विमान राहत और बचाव कार्यों में लगाए. राज्य सरकार ने इसके लिए निजी हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया.

## राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 16वीं भारतीय सहकारि ता कांग्रेस का उद्घाटन किया

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने नई दिल्ली में 16वीं भारतीय सहकारिता कांग्रेस का उद्घाटन 25 जून 2013 को किया. 16वीं भारतीय सहकारिता कांग्रेस का विषय रखा गया- सहकारी उद्यम एक बेहतर विश्व का निर्माण करते हैं (Cooperative enterprises build a better world). इसका आयोजन 25-26 जून 2013 को तक निर्धारित है. राष्ट्रपति के अनुसार सहकारी संस्थान लोकतंत्र के आदर्शों और बेहतर जीवन की बुनियाद हैं, जिनके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास संभव हुआ है. सहकारिता की रचना, रख-रखाव और विकास के पीछे यह दर्शन काम करता है कि प्रत्येक सदस्य बराबर है और सबके समान अधिकार और उत्तरदायित्व हैं. सहकारिता देश के दूरदराज इलाकों तक, जहां गरीब और वंचित लोग रहते हैं, उन तक पहुंचने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है. सहकारिताओं को वाणिज्यिक रूप से मजबूत किया जाना चाहिए ताकि वे ग्रामीण, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऋण, कृषि, पर्यटन, संचार आदि क्षेत्रों में प्रभावी रूप से काम कर सकें.

### भारतीय सहकारि ता कांग्रेस

• भारतीय सहकारिता कांग्रेस का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के लिए विभिन्न प्रवृत्तियों के बारे में चर्चा करना और भारतीय सहकारी आंदोलन के लिए भविष्य की सामरिक नीतियों का निर्माण करना है.

• इसका आयोजन प्रत्येक 3 वर्ष में किया जाता है.

• भारतीय सहकारी कांग्रेस भारतीय सहकारी आंदोलन के सर्वोच्च मंच है.

• इसके सदस्यों में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी एलायंस (आईसीए), संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), भारत सरकार, विभिन्न प्रांतीय सरकारें और सहकारी विकास संगठन शामिल हैं.

# भारत की डायरी

**1 जून 2013**

- राजीव शुक्ल ने आईपीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया.
- गैस सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजने की योजना शुरू.

**2 जून 2013**

- केरल के मुख्यमंत्री उम्मन चांडी ने क्विलोन (केरल) में स्थित अष्टमुदी झील से देश की पहली समुद्री विमान सेवा का उद्घाटन किया.
- कोल इंडिया लिमिटेड ने लगभग 23 हजार मेगावाट ताप बिजली क्षमता के लिए ईंधन आपूर्ति समझौतों पर हस्ताक्षर किए.
- जगमोहन डालमिया भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अंतरिम प्रमुख बने.

**3 जून 2013**

- इसरो ने अमरीका के कैलीफोर्निया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी में प्रोफेसर सतीश धवन फेलोशिप स्थापित की.
- बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान का मुंबई स्थित अपने घर में निधन.
- केंद्रीय सूचना आयोग ने व्यवस्था दी कि राजनीतिक दल सूचना के अधिकार अधिनियम के दायरे में.

**4 जून 2013**

- केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने रियल एस्टेट नियमन और विकास विधेयक को मंजूरी प्रदान की.
- रमेश नैयर को भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया.

**5 जून 2013**

- केंद्र सरकार ने सोने और प्लेटिनम पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर आठ प्रतिशत कर दिया.

- तकनीकी पाठ्यक्रमों में भी हिन्दी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई.
- पांच राज्यों-पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तरप्रदेश महाराष्ट्र और बिहार में लोकसभा की चार और विधानसभा की छ सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित.

**6 जून 2013**

- केंद्रीय वित्तमंत्री पी चिदम्बरम ने देश का पहला सामाजिक प्रभाव वाला डीआईसीसीआई-एसएमई फंड जारी किया.
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) ने मल्टी ब्रांड रिटेल में एफडीआई सम्बंधित स्पष्टीकरण जारी किए.
- केरल में पांच हजार 182 करोड़ रूपये की कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना का काम शुरू.

**7 जून 2013**

- केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास और रोजगार दिलाने की योजना-रोशनी प्रारंभ.
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आतंकवादी गतिविधियों के आरोपियों के खिलाफ मामले वापस लेने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाई.
- स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र की जनजातीय आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में शंकराचार्य नेत्रालय की स्थापना.

**8 जून 2013**

- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए) का गठन किया.

**9 जून 2013**

- भारतीय जनता पार्टी ने 2014 के आम चुनाव में नरेन्द्र मोदी को चुनाव प्रचार समिति का प्रमुख बनाया.
- सिक्किम को वर्ष 2013 तक पूर्णतः जैविक राज्य बनाने के अभियान के तहत अब तक आठ हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि क्षेत्र को जैविक खेती के लिए निर्धारित किया गया.
- भारत के के श्रीकांत ने थाइलैंड ओपन ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन ट्रॉफी जीती. यह उनके कॅरिअर का पहला खिताब है.

• इस योजना के अंतर्गत पिछले वित्त वर्ष में 27 मार्च 2013 तक 3314 अवदेनों के माध्यम से 793 करोड़ रूपये की सब्सिडी दी गयी.

## भारतीय रिजर्व बैंक ने नये बैंक खोलने के लिए अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए

भारत के नियामक बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 3 जून 2013 को नये बैंकों के लिए लाइसेंस सम्बंधी नये दिशा-निर्देश जारी किए. नये नियमों के तहत बैंकिंग लाइसेंस के लिए आवदेन करने वाली कंपनियों को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के पश्चात 18 महीनों के भीतर बैंक खोलने होंगे. इससे पहले यह अवधि एक वर्ष थी. नये नियमों के अनुसार बैंक खोलने के लिए वही कंपनियां आवदेन कर सकती हैं जिनमें सार्वजनिक हिस्सेदारी कम से कम 51 फीसदी है. साथ ही, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और बीमा क्षेत्र की कंपनियों को लाइसेंस के लिए आवदेन करने से पूर्व अपने नियामकों सेबी तथा इरडा से मंजूरी लेनी होगी. इसके अतिरिक्त बैंक खोलने के लिए 500 करोड़ की पूंजी तथा 10 वर्षों का अच्छा रिकॉर्ड रखने वाली कंपनियां ही आवदेन कर सकती हैं.

### नये बैंक खोलने से सम्बंधित घटनाक्रम

• आरबीआई ने दस साल के बाद 2010 में नये बैंको के लिए प्रक्रिया आरम्भ की.

• फरवरी 2010 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने आम बजट में नये बैंक खोले जाने की घोषणा की.

• अगस्त 2010 में आरबीआई ने चर्चा पत्र जारी किये.

• अगस्त 2011 में आरबीआई ने सम्बंधित नियमों के प्रारूप जारी किये.

• फरवरी 2013 में नये बैंकों से सम्बंधित नियम जारी किये गए.

• 3 जून 2013 को आरबीआई ने अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए.

## वर्ष 2012-13 में खाद्यान्न उत्पादन 260 मिलियन टन रहने का अनुमान

वर्ष 2012-13 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 260 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया. यह आकड़ा प्राप्त कर लिए जाने की दशा में लगातार तीसरे वर्ष रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होगा. गौरतलब है कि कृषि मंत्रालय की ओर से जारी ये अनुमान सामान्य मानसून पर आधारित हैं. वर्ष 2012-13 के दौरान कुल खाद्यान्न उत्पादन 255.36 मिलियन टन रहने का तृतीय अग्रिम अनुमान लगाया गया. वित्त वर्ष 2011-12 में में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन 259.32 मिलियन टन रहा. इसी वित्त वर्ष में देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन 252.56 मिलियन टन रहने का तृतीय अग्रिम अनुमान लगाया गया था. हालांकि इस वर्ष के

दौरान मानसून सामान्य से निम्न रहा, इसके बावजूद देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पाद हुआ. इस वित्त वर्ष में खाद्यान्नों के उत्पादन में 1.9 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई.

## केंद्र सरकार ने रियल स्टेट नियामक एवं विकास विधेयक को अनुमोदित किया

केंद्रीय कैबिनेट ने 4 जून 2013 को रियल स्टेट सेक्टर से सम्बंधित रियल स्टेट नियामक एवं विकास विधेयक को अनुमोदित कर दिया. यह विधेयक घर खरीदने वाले ग्राहकों के हितों को बिल्डरों एवं रियल स्टेट डेवेलपर्स से बचाने के लिए लाया गया. इस विधेयक के तहत एक रियल स्टेट नियामक प्राधिकरण की स्थापना की स्थापना होनी है जो कि उन ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करेगा जिन्हें बिल्डरों एवं डेवेलपर्स के द्वारा भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से ठगा गया हो. साथ ही, इस विधेयक यह प्रावधान है कि 1000 वर्ग मीटर से अधिक का कारोबार करने वाली कंपनियों को इस नियामक प्राधिकरण में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा. इन कंपनियों को अपने विज्ञापनों में परियोजना का वास्तविक चित्र लगाना होगा और किसी भी प्रकार से भ्रामक होने की स्थिति में उन पर कार्यवाई का प्रावधान विधेयक में किया गया है. इस विधेयक में यह भी प्रावधान है कि बिल्डरों एवं डेवेलपर्स को अपने प्रवर्तकों (प्रमोटर्स), परियोजना का नियोजन, रूपरेखा, भूमि की स्थिति, कारपेट एरिया, आदि का पूरा ब्यौरा देना ग्राहकों को उपलब्ध कराना होगा. वाणिज्यिक उद्देश्यों वाली परियोजनाओं को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखा गया है.

## ई-कॉमर्स पोर्टल अमेजन डॉट कॉम के भारत में कदम

विश्व प्रसिद्ध ऑनलाइन खरीददारी पोर्टल अमेजन डॉट कॉम ने भारत में अपने कारोबार का विस्तार किया. कंपनी ने अपने भारतीय संस्करण को डॉट ईन के स्पेस में लांच किया. आरंभ में अमेजन डॉट ईन ने किताब एवं फिल्म से जुड़ी श्रेणियां ही लांच की है लेकिन बाद में इसमे मोबाइल फोन एवं कैमरा जैसी श्रेणियों को भी जोड़ा जाएगा. दुनियाभर में विख्यात अमेजन डॉट कॉम का भारत आना भारत सरकार के द्वारा बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी देने बाद संभव हो पाया. यद्यपि यह प्रावधान ऑनलाइन रिटेल ट्रेडिंग मे मौजूद नहीं है.

### अमेजन डॉट कॉम

अमेजन डॉट कॉम एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसका मुख्यालय वाशिंगटन के सिएटल शहर में है. यह विश्व का सबसे बड़ा ऑनलाइन पोर्टल है. इस कंपनी की स्थापना जेफ बेजोस के द्वारा कैडाबरा (Cadabara) के नाम से जुलाई 1994 में की गयी जबकि यह पोर्टल 1995 में ऑनलाइन हो पाया. बाद में इसका नाम विश्व की सबसे बड़ी नदी अमेजन के नाम पर अमेजन डॉट कॉम रखा गया. वर्तमान में यह कंपनी उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका तथा एशिया के प्रमुख देशों में अपना कारोबार जमा चुकी है.

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 18 जून 2013 को विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई, Foreign Direct Investment-FDI) के 1647 करोड़ रुपये के 16 प्रस्तावों को मंजूरी दी. विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (Foreign Investment Promotion Board -FIPB) की सिफारिशों के अनुरूप स्वीकृत किये गए इन प्रस्तावों में सबसे बड़ी मंजूरी 961 करोड़ रुपये की है जो कि विजय टेलीविजन प्राइवेट लिमिटेड को मिली. इस निवेश को यह कंपनी गैर-समाचार चैनलों में निवेश के माध्यम से जुटाएगी. दूसरी तरफ इन प्रस्तावों में कोरियन कंपनी वेस्टर्न पॉवर कंपनी को भी मंजूरी मिली जिसे की भारत की किसी कंपनी में 270 करोड़ रुपये का निवेश करना है.

## विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी )

विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड केंद्र सरकार का वह निकाय है जो कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के उन प्रस्तावों पर एकल पटल स्वीकृति (Single Window Clearance) के रूप में कार्य करता है जिन पर सीधे तौर पर एफडीआई की अनुमति नहीं होती. एफआईपीबी में विभिन्न मंत्रालय के सचिवों के साथ-साथ आर्थिक मामलों के विभाग एवं वित्त मंत्रालय के सचिव अध्यक्ष के रूप में होते हैं. यह अंतरमंत्रालयीय निकाय देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा, उच्चतम सीमा, कारकों पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति के तहत करता है. वित्त मंत्रालय एफआईपीबी के अधिकतम 1200 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों पर की गई सिफारिशों को मंजूरी प्रदान करता है. ऐसे प्रस्तावों जिनका मूल्य 1200 करोड़ रुपये से अधिक होता है उनके लिए आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs-CCEA) की स्वीकृति लेनी होती है.

[स्वीकृति प्राप्त प्रस्तावों की सूची]

## राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा 68वां सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने अपना 68वां सर्वेक्षण प्रतिवेदन (रिपोर्ट) 20 जून 2013 को जारी किया. रिपोर्ट के अनुसार देश के ग्रामीण इलाकों में सबसे निर्धन लोग औसतन मात्र 17 रुपए प्रतिदिन और शहरों में सबसे निर्धन लोग 23 रुपए प्रतिदिन में जीवन यापन करते हैं.68वें सर्वेक्षण रिपोर्ट की अवधि जुलाई 2011से जून 2012 तक थी. वर्ष 2011-12 (जुलाई- जून) से संबद्ध आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में निचले स्तर पर 5 प्रतिशत आबादी का प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 521.44 रुपए रहा, जबकि शहरी इलाकों में यह 700.50 रुपए रहा. वहीं दूसरी ओर, आबादी के शीर्ष 5 प्रतिशत का प्रति व्यक्ति मासिक खर्च ग्रामीण इलाकों में 4 481 रुपए, जबकि शहरी इलाकों में 10282 रुपए रहा. यह सर्वेक्षण ग्रामीण इलाकों में 7496 गांवों और शहरों में 5263 इलाकों के नमूनों पर आधारित है. अखिल भारतीय स्तर पर औसतन प्रति व्यक्ति मासिक खर्च ग्रामीण इलाकों में करीब 1430 रुपए, जबकि शहरी इलाकों में 2630

अप्रैल 2014 में 8.4 डालर प्रति 10 लाख मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट ( एमएमबीटीयू) हो जाएंगे. सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी द्वारा प्रशासनिक मूल्य प्रणाली (एपीएम) वाली गैस हो या फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के केजी बेसिन से उत्पादित गैस 1 अप्रैल 2014 से सभी तरह की गैस का मूल्य रंगराजन समिति के फार्मूले के अनुरुप तय होगा. रिलायंस के केजी बेसिन से उत्पादित गैस का दाम 4.205 डालर प्रति एमएमबीटीयू पांच साल के लिए तय किया गया था. यह समय सीमा मार्च 2014 में समाप्त हो रही है.

### डा. सी. रंगराजन समिति द्वारा सुझाया गया फार्मूला (**FORMULA)**

डा. सी. रंगराजन समिति ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केन्द्रों पर होने वाले गैस सौदों और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के दीर्घकालिक आयात मूल्य को मिलाकर उनके औसत मूल्य के अनुरूप घरेलू गैस का दाम तय करने का फार्मूला सुझाया है. गैस के नए दाम सभी तरह की गैस पर समान रूप से लागू होंगे.

## सीसीईए ने फसल वर्ष 2013-14 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 60 रुपए बढ़ाया

मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने फसल वर्ष 2013-14 (जुलाई से जून) के दौरान प्रस्तावित खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की. मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक नई दिल्ली में 27 जून 2013 को आयोजित की गयी. सीसीईए ने खरीफ सत्र 2013-14 के दौरान किसानों को प्रोत्साहित करते हुए सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 60 रुपए बढ़कर 1310 रुपए प्रति क्विंटल जबकि ग्रेड के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 65 रुपए बढ़ाकर 1,345 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया.

### दलहन श्रेणी

दलहन और तिलहन आयात पर निर्भरता कम करने के लिए इन दोनों फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 450 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा दिया. दलहन में तुअर एमएसपी 450 रुपए बढ़कर 4,300 रुपए क्विंटल तथा मूंग एमएसपी 100 रुपए बढ़ाकर 4,500 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया.

### कपास

कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 100 रुपए बढ़ाकर 3,700 रुपए प्रति क्विंटल (मीडियम स्टेपल) और 4,000 रुपए प्रति क्विंटल (लांग स्टेपल) करने को मंजूरी दी है.

### तिलहन श्रेणी

# पर्यावरण | पारिस्थितिकी

## बोन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 29 अप्रैल से 3 मई 2013

डरबन प्लेटफॉर्म फॉर इन्हैंन्स्ड एक्शन (एडीपी 2) के ऐड-हॉक कार्यकारी समूह के दूसरे सत्र (Durban Platform for Enhanced – ADP2) के अन्तर्गत र्-हाइन नदी के किनारे बसे जर्मनी के बोन शहर में जलवायु परिर्वतन सम्मेलन 29 अप्रैल से 3 मई 2013 तक आयोजित किया गया. इस सम्मेलन में 176 देशों के 600 से अधिक सरकारी प्रतिनिधियों एवं 200 से अधिक पर्यवेक्षकों समेत कुल 1000 से भी अधिक लोगों ने हिस्सा लिया. एडीपी 2 में प्रमुख रूप से 2015 के समझौते (वर्कस्ट्रीम 1) तथा प्री-2020 एम्बीशन (वर्कस्ट्रीम 2) को लेकर हुई कार्यशालाएं, गोलमेज सम्मेलन तथा चर्चाएं हुईं.

सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने एडीपी चर्चाओं को आगे बढ़ाने के इस स्वरूप को मददगार पाया, जबकि कई अन्य ने इसे और अधिक संवादमूलक बनाने पर जोर दिया. अगला जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 3 से 14 जून 2013 तक बोन, जर्मनी में ही आयोजित किया जाएगा.

## मंगोलिया ने की वर्ष 2013 के विश्व पर्यावरण दिवस समारोह मेजबानी

प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेजबानी वर्ष 2013 में मंगोलिया ने की. इस बार यह समारोह पांच दिनो तक मंगोलिया की राजधानी उलनबतर (Ulaanbaatar) में 1 से 5 जून तक मनाया गया. वर्ष 2013 के पर्यावरण दिवस की थीम है. थिंक, ईट-सेव (सोचो, खाओ-बचाओ. Think. Eat. Save) अर्थात भोजन की बर्बादी रोकने को लेकर विश्वव्यापी जागृति. विश्व पर्यावरण दिवस जैव-विविधता के संरक्षण के महत्व को प्रोत्साहित करने, पर्यावरण के उभरती चुनौतियों का पता लगाने एवं उनका हल निकालने हेतु प्रति वर्ष मनाया जाता है. विश्व पर्यावरण दिवस पहली बार 1973 में मनाया गया था. प्रत्येक वर्ष इसे अलग-अलग शहरों एवं थीम के अनुसार मनाया जाता है. भारत में विश्व पर्यावरण दिवस 2011 में मनाया गया था जिसका थीम था – 'फॉरेस्ट: नेचर ऐट योर सर्विस' (वन: प्रकृति आपकी सेवा में. Forest: Nature at your service). मंगोलिया को वर्ष 2013 के विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेजबानी यूएन पर्यावरण कार्यक्रम (UN Environment Programme) के द्वारा 22 फरवरी 2013 को सौंपी गई थी.

मंगोलिया मध्य पूर्व एशिया का एक छोटा-सा देश है. इसकी राजधानी उलन बतोर (Ulan Bator) है. जलवायु परिवर्तन के कारण मंगोलिया कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है. खाद्य संकट और जानलेवा साबित हो रही सर्दियों से घुमंतु कबीले के लोग परेशान हैं. इससे लोग और मवेशी दोनों मर रहे हैं. कुछ क्षेत्रों में तापमान माइनस चालीस डिग्री सेल्सियस (-40C) चला जाता है. हाल के दिनों में 2.7 मिलियन मवेशी

मारे जा चुके हैं. मंगोलिया जल संकट से भी जूझ रहा है. इस विषम परिस्थितियों के बावजूद मंगोलिया तेजी से आर्थिक विकास हासिल कर रहा है. मंगोलिया ने कई आर्थिक परेशानियों के बावजूद हरित अर्थतंत्र का रास्ता चुना है. खनन सहित कई आर्थिक क्षेत्रों में उसे लागू किया है. यही नहीं, वैश्विक आर्थिक मंदी से जूझते हुए इस देश ने युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया. इसके सकारात्मक परिणाम दिखने भी लगे हैं.

## सिक्किम 2015 तक पूर्ण जैविक राज्य बनने की राह पर

सिक्किम राज्य को पूर्णतः जैविक राज्य बनाने के राज्य सरकार के अगस्त 2012 में घोषित अभियान के तहत राज्य कृषि विभाग द्वारा 8000 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र को जैविक खेती के लिए निधारित किया जा चुका है, जबकि बचे हुए लगभग 50000 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती के क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध प्रयास किये जाएंगे. इस अभियान के तहत राज्य में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण देने एवं जैविक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने का प्रावधान है. इससे किसानों को सस्ती दरों पर ग्रीन हाउस बनाने में सहायता होगी.

सिक्कम में संगठित रूप से जैविक खेती का आरंभ 2003 में हुआ था जबकि राज्य सरकार ने सिक्किम राज्य जैविक बोर्ड का गठन किया था. गौरतलब है राज्य में कृषि विकास के लिए कुल 48 योजनाओं को क्रियान्वित किया जा चुका है.

## राजस्थान के अरावली पहाड़ियों पर बने छह किले यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने राजस्थान, भारत में अरावली पहाड़ियों पर बने भव्य और सुंदर जैसलमेर और चित्तौरगढ़ किले समेत छह किलों को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची (वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट) में शामिल किया. ये किले हैं-चित्तौरगढ़ का किला, सवाई माधोपुर का रणथंभौर किला, राजसमंद का कुंभलगढ़ किला, जैसलमेर का किला, जयपुर का अकबर किला और झालवाड़ का गैगटोन. राजस्थान के ये 6 किले निम्नलिखित हैं:

यूनेस्को की हैरिटेज लिस्ट में शामिल करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं. इन स्मारकों में चार किलों का संरक्षण भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण करता है जबकि बाकी दो किले का संरक्षण राज्य सरकार करती है. ये किले 8वीं सदी से 19वीं सदी के बीच बने हैं जो राजपूताना शैली को चित्रित करते हैं.

राजस्थान सरकार ने इन किलों के बारे में विस्तृत विवरण तैयार कर वर्ष 2011 में ही विश्व विरासत केंद्र को भेजा था और अंतरराष्ट्रीय स्मारक और स्थल परिषद की सिफारिश पर यूनेस्को ने इसे अपनी सूची में शामिल किया. केंद्रीय संस्कृति मंत्री चंदेश कुमार कटोच ने कहा कि हिमाचल के कुल्लु मनाली में स्थित हिमालय नेशनल पार्क और राजस्थान के पाटन में स्थित रानी का वाव को भी यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया है. वर्ष 2012 में पश्चिमी घाट को यूनेस्को ने अपनी विरासत सूची में शामिल किया था. अब तक देश के 59 स्थल विश्व विरासत की सूची में शामिल किए गए हैं.

## यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में भारतीय स्थल

हरियाणा और हिमांचल प्रदेश- कालका-शिमला रेलवे

कर्नाटक- हम्पी स्मारक समूह, पत्ताकाल स्मारक समूह

मध्य प्रदेश- साँची के बौद्ध स्मारक, भीम बेटका गुफाएं, खजुराहो के मंदिर समूह

महाराष्ट्र- अजंता की गुफाएं, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, एलिफेंटा की गुफाएं, एलोरा की गुफाएं

ओड़िसा- कोणार्क का सूर्य मंदिर

असोम- काजीरंगा नेशनल पार्क, मानस वन्य जीव अभ्यारण्य

बिहार- महाबोधि मंदिर परिसर बोधगया

दिल्ली- हुमायूं का मकबरा , क़ुतुब मीनार, लाल किला

गोवा- बासिलिका ऑफ़ बाम जीसस चर्च

गुजरात- चंपानेर-पावागढ़ पुरातात्विक उद्यान

राजस्थान- केवलादेव राष्ट्रिय उद्यान भरतपुर, जंतर -मंतर जयपुर

तमिलनाडु- चोल मंदिर समूह तंजावुर , महाबलीपुरम मंदिर स्मारक , नीलगिरी पर्वतीय रेलवे

उत्तर प्रदेश- ताजमहल आगरा, फतेहपुर सीकरी , आगरा का किला

उत्तराखंड- नंदा देवी, फूलों की घाटी राष्ट्रिय उद्यान

प० बंगाल - दार्जलिंग पर्वतीय रेलवे, सुंदरवन राष्ट्रिय उद्यान

महत्वपूर्ण - यूनेस्को ने राजस्थान के कालबेलिया नृत्य, छऊ नृत्य ओड़िसा और केरल के मुदिएत्तु नृत्य को अमूर्त संस्कृतिक धरोहरों में शामिल किया है.

## युनेस्को विश्व विरासत स्थल

युनेस्को विश्व विरासत स्थल ऐसे विशेष स्थानों (जैसे वन क्षेत्र, पर्वत, झील, मरुस्थल, स्मारक, भवन, या शहर इत्यादि) को कहा जाता है, जो विश्व विरासत स्थल समिति द्वारा चयनित होते हैं, और यही समिति इन स्थलों की देखरेख युनेस्को के तत्वाधान में करती है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व के ऐसे स्थलों को चयनित एवं संरक्षित करना होता है जो विश्व संस्कृति की दृष्टि से मानवता के लिए महत्वपूर्ण हैं. कुछ खास परिस्थितियों में ऐसे स्थलों को इस समिति द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाती है. वर्ष 2006 तक पूरी दुनिया में लगभग 830 स्थलों को विश्व विरासत स्थल घोषित किया जा चुका है जिसमें 644 सांस्कृतिक, 24 मिले-जुले, और 138 अन्य स्थल हैं. प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, जिस देश में वह स्थल स्थित हो. परंतु अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए और मानवता के हित के लिए इनका संरक्षण करें. बल्कि पूरे विश्व समुदाय को इसके संरक्षण की जिम्मेदारी होती है.

## जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी ने 5 जीएम फसलों के फील्ड परीक्षण के लिए स्वीकृति दी

जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी ( जीईएसी) ने कुछ कंपनियों और अनुसंधान संस्थाओं को आनुवंशिक संशोधित फसलों के क्षेत्र परीक्षण करने की अनुमति जून 2013 में प्रदान की. आनुवांशिक रूप से परिष्कृत कपास, मक्का, अरंडी, गेहूं और चावल के विकास के लिए परीक्षण की अनुमति दी गई. जीएम फसलों की विशेषता है कि वे कीड़ों के खिलाफ संरक्षण प्राप्त करने में सक्षम हैं. इसके अलावा यह फसलें लवणता और पानी से भी प्रतिरोधी हैं. जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी, पर्यावरण मंत्रालय की नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में बेयर बायोसाइंस को 45 ट्रांसजेनिक चावल पर अध्ययन करने की अनुमति दी गई. इस अध्ययन के तहत क्राई1एबी (Cry1AB) और क्राई1सीए (Cry1CA) जैसे कीट नाशक प्रोटीनों का परीक्षण किया जाना है. यह कीट नाशक प्रोटीन फसलों को स्टेम बोरर जैसे कीड़ों से बचाते हैं. इसके साथ ही कमेटी ने माहयको ( Mahyco) को कपास के परीक्षण की अनुमति दी. इसके अलावा हैदराबाद स्थित तिलहन अनुसंधान निदेशालय ( Directorate of Oilseeds Research) को कास्टर (Castor) के परीक्षम की अनुमति मिली.

यह परीक्षण केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में किए जाने हैं.

• रेडियोधर्मी आइसोटोप को रेडियो आइसोटोप भी कहा जाता है.

• उत्सर्जन द्वारा उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा को बीटा, अल्फा या गामा किरणों के रूप में विकिरण किया जाता है.

• प्रत्येक रसायन के एक या अधिक रेडियोधर्मी आइसोटोप हो सकते हैं.

### विषाक्त रेडियोधर्मी आइसोटोप के खतरे

रेडियोधर्मी आइसोटोप के कण हवा को दूषित कर देती है. यह मनुष्यों की सांस लेने की प्रकिय में बाधा पैदा करता है.

## विश्व बैंक रिपोर्ट: टर्न डाउन दा हीट क्लाइमेट एक्सट्रीम्स, रीजनल इम्पैक्ट्स और केस फॉर रिज़िलीअन्स

विश्व बैंक ने *टर्न डाउन दा हीट: क्लाइमेट एक्सट्रीम्स, रीजनल इम्पैक्ट्स और केस फॉर रिज़िलीअन्स* नामक रिपोर्ट 19 जून 2013 को जारी की. रिपोर्ट में इस बात पर विचार किया गया है कि तापमान में 2 डिग्री और 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से दक्षिण एशिया, उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया में कृषि उत्पादन, जल संसाधन, तटीय परितंत्र और शहरों पर क्या असर होना है. यह विश्व बैंक की वर्ष 2012 की रिपोर्ट पर आधारित है जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि यदि देशों ने अभी ठोस कार्रवाई नहीं की तो इस सदी के आखिर तक विश्व का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर के तापमान से 4 डिग्री बढ़ जाना है. इस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2040 तक भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण फसल की पैदावार में बहुत कमी हो जानी है. वर्षा स्तर तथा भूजल में बदलाव के कारण पानी की उपलब्धता कम हो जानी है जिससे भारत में हालात और खराब हो सकते हैं जहां भूजल संसाधन का स्तर पहले ही चिंताजनक हो चुका है. देश के 15 प्रतिशत से अधिक भूजल का अति दोहन किया जा चुका है.

विश्व बैंक के लिए यह रिपोर्ट पोट्सडैम इन्स्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च एंड क्लाइमेट एनालिटिक्स ने तैयार की है और विश्वभर के 25 वैज्ञानिकों ने इसकी समीक्षा की है. रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि विश्व का तापमान वर्ष 2090 तक औसतन 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो दक्षिण एशिया हेतु इसके परिणाम और बुरे होने हैं. यदि दक्षिण एशिया में कार्बन उत्सर्जन को सीमित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इस परिदृश्य में, दक्षिण एशिया में भयंकर सूखे और बाढ़, समुद्र का जल स्तर बढ़ने, ग्लेशियर पिघलने और खाद्य उत्पादन में गिरावट जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं. उदाहरण के लिए भारत में मॉनसून के दौरान अत्यधिक वर्षा जिसकी फिलहाल 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होने की आशंका होती है लेकिन सदी के आखिर तक इसकी हर 10 वर्ष में होने की आशंका है.

# विज्ञान | तकनीक

## प्रिज्म के माध्यम से कर रही है अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी निजी आकड़ों को हैक

**विभिन्न ऑनलाइन सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं ई-मेल अकाऊंट्स के सर्वरों से यूजर्स के डेटा को हैक करने के आरोपों को झेल रही अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए National Security Agency) निगरानी प्रोग्राम प्रिज्म (Prism) का इस्तेमाल कर रही है. यह दावा है प्रमुख अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट का, जिसने इस खबर के लिए एक अत्यंत खुफिया दस्तावेज को आधार बनाया. प्रिज्म के माध्यम से एनएसए माइक्रोसॉफ्ट, याहू, गूगल, फेसबुक, पालटॉक, एओएल, स्काईप, यूट्यूब, एप्पल, आदि जैसे पोर्टल्स से विभिन्न यूजर्स के खातों को हैक करके उनके निजी जीवन में अनाधिकृत निगरानी कर रही है.**

**प्रिज्म प्रोग्राम को अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल के दौरान चलाए गये खुफिया कार्यक्रम वारंटमुक्त घरेलू निगरानी के तहत 2007 में प्रयोग में लाया गया था. प्रिज्म को 11 सितंबर 2002 को अमेरिका में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवादी निगरानी कार्यक्रम को हटाकर इस्तेमाल में लाया गया था. प्रिज्म का इस्तेमाल एनएसए तब से करती आ रही है. अमेरिका के प्रमुख अखबार के द्वारा प्रिज्म से सम्बंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल करने के बाद इसके बारे आम लोगों को प्रिज्म के बारे में 6 जून 2013 को पता चला.**

## सबसे तेज सुपर कंप्यूटर बनाने का श्रेय चीन के नाम

**चीन के रक्षा वैज्ञानिकों ने विश्व का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर बनाया. यह कंप्यूटर 33.6 क्वैडट्रिलियन (33.86 हजार करोड़ खरब) गणनाएं प्रति सेकेंड करने में सक्षम है. चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने 17 जून 2013 को जारी रिपोर्ट में बताया कि चीन में बनाया गया नवीनतम सुपर कंप्यूटर तिअन्हे-टू (Tianhe-2) अमेरिका के सुपर कंप्यूटर टाइटन से गणना के मुकाबले में कहीं आगे है. इस सुपर कंप्यूटर को चीन के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी ने विकसित किया और इसकी कीमत 10 करोड़ डॉलर रखी गयी. इस श्रेणी पहला सुपर कंप्यूटर तिअन्हे-1ए वर्ष 2010-11 के बीच विश्व का तीव्रतम सुपर कंप्यूटर था. सुपर कंप्यूटरों की रैंकिंग 'टॉप 500' नाम की संस्था करती है.**

## डोमेन नेम डॉट राम के पंजीकरण पर भारत सरकार को आपत्ति

**वाहन उद्योग क्षेत्र की कंपनी क्राइसलर द्वारा धार्मिक रूप से संवेदनशील वेबसाइट डोमेन नाम डॉट राम के पंजीकरण पर भारत सरकार ने आपत्ति जताई. इसके बाद इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स ऐंड नंबर्स (आईसीएएनएन) इस नाम की संवेदनशीलता पर विचार कर रहा है. रम ट्रक्स (Ram trucks) नाम**

**के तहत ट्रक बेचने वाली वाहन कंपनी क्राइसलर ने डॉट राम डोमेन के लिए आवेदन किया था. अंग्रेजी में लिखे गए शब्द रम का उच्चारण राम भी हो सकता है. इसीलिए भारत के आपत्ति जताने के बाद कंपनी की एक टीम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) के अधिकारियोंसे मिलने भी आई थी.**

**इसके साथ ही भारत सरकार ने आईसीएएनएन द्वारा डॉट राम, डॉट इस्लाम, डॉट बाइबल और डॉट हलाल डोमेन नाम विदेशी एजेंसियों को आवंटित किए जाने पर सख्त एतराज जताया है. संयुक्त अरब अमीरात की सरकार ने भी एक निजी कंपनी द्वारा डॉट इस्लाम और डॉट हलाल जैसे डोमेन नामों का पंजीकरण कराने पर आपत्ति जताई थी.**

## भारत को निम्नलिखित डोमेन नामों पर है आपत्ति

| **डोमेन नाम** | **आवेदक** |
|---|---|
| इस्लाम | एशिया ग्रीन आईटी सिस्टम बिलगिसायर सैन |
| बाइबल | अमेरिकन बाइबल सोसाइटी |
| इंडियंस | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| आर्मी | यूनाइटेड टीएलडी होल्डको लिमिटेड |
| नेवी | यूनाइटेड टीएलडी होल्डको लिमिटेड |
| एयरफोर्स | यूनाइटेड टीएलडी होल्डको लिमिटेड |
| हलाल | एशिया ग्रीन आईटी सिस्टम बिलगिसायर सैन |
| शिक्षा | एफिलियास लिमटेड |

## वैज्ञानिकों ने रक्त के नमूने से रोग का पता लगाने में सक्षम सेंसर चिप तैयार की

न्यू जर्सी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (NJIT) के वैज्ञानिकों ने सिर्फ खून के नमूने से रोगों का पता लगाने में सक्षम एक अत्याधुनिक सेंसर चिप तैयार की. यह शोध रेजिनाल्ड फैरो और अलोकिक कंवल के नेतृत्व में किया गया. शोध के तहत वैज्ञानिकों ने मोबाइल एकल कोशिकाओं का पता लगाने वाला एक कार्बन नैनोट्यूब आधारित उपकरण बनाया है, इस उपकरण में स्थानिक संकल्प के उच्च स्तर को बनाए रखने की क्षमता है. वैज्ञानिक रेजिनाल्ड फैरो ने इस शोध के तहत समझाया है कि किस प्रकार सेंसर की मदद से इस उपकरण को तैयार किया गया. इस उपकरण की सहायता से चिकित्सा कर्मी उपकरण के सक्रिय क्षेत्र

# न्यूज़ कैप्सूल

## सरदार रमेश सिंह अरोड़ा पाकिस्तान के विधानसभा में नामित प्रथम सिख विधायक

सरदार रमेश सिंह अरोड़ा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा (पंजाब असेंबली) के पहले सत्र में अन्य विधायकों के साथ 1 जून 2013 को शपथ ली. इस शपथ के साथ ही वह पाकिस्तान के इतिहास में पहले सिख विधायक बन गए. सरदार रमेश सिंह अरोड़ा को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए आरक्षित सीट से मनोनीत किया. उन्हें पंजाब प्रांत की विधानसभा के लिए चुना गया है. सरदार रमेश सिंह अरोड़ा लाहौर के 80 किलोमीटर दूर स्थित नरोवल जिले के रहने वाले हैं और वह पाकिस्तान गुरुद्वारा प्रबंध समिति से जुड़े हैं. विदित हो कि 11 मई 2013 के चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद पीएमएल-एन को पंजाब और केंद्र में सरकार बनाने का अवसर मिला है.

## पीएमएल -एन के नेता अयाज सादिक पाकिस्तान में नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता अयाज सादिक को पाकिस्तान में नेशनल एसेंबली (निम्न सदन) का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है. अयाज सादिक को कुल 258 मत प्राप्त हुए जबकि 313 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया. एक मत को अवैध करार दिया गया. अयाज सादिक के प्रतिद्वंदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता शहरयार अफरीदी को 31 मत मिले, जबकि मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट के एसए इकबाल कादरी को 23 मत प्राप्त हुआ. निवर्तमान अध्यक्ष फहमीदा मिर्जा ने 59 वर्षीय अयाज सादिक को नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई. इस शपथ के साथ ही अयाज सादिक पाकिस्तानी संसद के निचले सदन के 19वें अध्यक्ष बने. अयाज सादिक पीएमएल-एन पार्टी के टिकट पर एनए-122 लाहौर संसदीय क्षेत्र से नेशनल एसेंबली (निम्न सदन) के लिए निर्वाचित किए गए. इनका जन्म लाहौर के एक कारोबारी परिवार में हुआ था. अयाज सादिक वर्ष 2002 से तीन बार संसद के लिए चुने गए.

पीएमएल-एन के नेता जावेद अब्बासी को नेशनल एसेंबली का उपाध्यक्ष चुना गया. जावेद अब्बासी को 312 मतों में से 258 मत हासिल हुए. उनकी निकटम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की मुनाजा हसन को 31 मत मिले और एमक्यूम उम्मीदवार किश्वर जेहरा को 23 मत हासिल हुए. जावेद अब्बासी पीएमएल-एन पार्टी से एनए-18 ऐबटाबाद संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए. पाकिस्तान के नेशनल एसेंबली

में कुल 342 सदस्य हैं, लेकिन कई सांसद एक से अधिक स्थान से जीते हैं और ऐसे में उन्हें एक सीट के प्रतिनिधि की हैसियत से मतदान का मौका मिला. इनमें प्रधानमंत्री के दावेदार नवाज शरीफ भी शामिल हैं. पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएमएल-एन के साथ बातचीत के बाद अध्यक्ष पद के लिए अपने उम्मीदवार को हटा लिया.

## मानव संसाधन मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का गठन किया

केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय ने आईआईटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर संजय धांडे की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कार्य बल गठित करने का निर्णय 31 मई 2013 को किया. इसमें सीबीएसई, यूजीसी, एनसीईआरटी, एआरइसीटीई और मंत्रालय से प्रतिनिधि शामिल होने हैं. इस कार्य बल द्वारा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की संकलपना को आगे बढ़ाने के लिए अंतिम रूपरेखा तैयार की जानी है.

### राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की स्थापना का मूलाधार यह है की विभिन्न शाखाओं में प्रवेश के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा प्रतिपादित कर समग्र तरीके से परीक्षा की बहुतायत से छात्रों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का उपाय किया जाए. राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की स्थापना का निर्णय सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड फॉर एजुकेशन की 2 अप्रैल 2013 को हुई बैठक में लिया गया था.

## आईआरएस अधिकारी सुधा शर्मा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अध्यक्ष नियुक्त

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी सुधा शर्मा को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का अध्यक्ष 31 मई 2013 को नियुक्त किया गया. सुधा शर्मा द्वारा पूनम किशोर सक्सेना का स्थान लिया जाना है.

### केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी)

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आयकर विभाग का प्रशासनिक प्राधिकरण है और साथ ही देश में प्रत्यक्ष कर संग्रह के लिए शीर्ष निकाय है.

### सुधा शर्मा

• सुधा शर्मा भारतीय राजस्व सेवा की वर्ष 1976 बैच की अधिकारी हैं.

• वह इस नियुक्ति से पूर्व 7 सदस्यीय सीबीडीटी में सदस्य (विधि एवं कंप्यूटरीकरण) के तौर पर काम कर रही थीं.

• सुधा शर्मा राष्ट्रीय राजधानी में आयकर विभाग में महानिदेशक (सतर्कता) के तौर पर भी सेवाएं दे चुकी हैं.

## केरल राज्य में स्थित अष्टमुदी झील से देश की पहली समुद्री विमान सेवा का उद्घाटन

केरल के मुख्यमंत्री उम्मन चांडी ने क्विलोन (केरल) में स्थित अष्टमुदी झील से देश की पहली समुद्री विमान सेवा का 2 जून 2013 को उद्घाटन किया. दुबई की विमान कंपनी सेसना से पट्टे पर लिए गए 6 सीटों वाले सेसना 206- एच (Cessna 206 H) विमान ने राज्य की सबसे बड़ी झील से उड़ान भरी. एक बार में 5 घंटे की उड़ान भरने में सक्षम यह विमान जमीन से लगभग 65 सौ फुट की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है. यह विमान पानी या जमीन दोनों से ही उड़ान भर सकता है और पानी या जमीन दोनों पर ही उतर सकता है.

## इसरो द्वारा कैलीफोर्निया इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालॉजी में प्रो. सतीश धवन फेलोशिप स्थापित

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अमरीका के कैलीफोर्निया इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालॉजी में प्रोफेसर सतीश धवन फेलोशिप स्थापित की. इस योजना के तहत भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और टेक्नालॉजी के ऐरोस्पेस विभाग से विशेष योग्यता के साथ स्नातक होने वाले विद्यार्थी कैलीफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में एरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर्स डिग्री करने के लिए फेलोशिप दी जाएगी. इसरो के पूर्व अध्यक्ष सतीश धवन ने 1951 में कैलीफोर्निया इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालॉजी से एयरोस्पेस में डाक्टरेट की उपाधि ली थी. 1972 में इसरो के अध्यक्ष बनने से पहले 1971-72 में उन्होंने विशिष्ट विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में वहां काम किया था.

## फिल्म नि:शब्द से करियर शुरू करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान का निधन

बॉलीवुड अभिनेत्री जिया खान का मुंबई स्थित अपने घर में 3 जून 2013 को निधन हो गया. वह 25 वर्ष की थी. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सुपरस्टार अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ वर्ष 2007 में फिल्म नि:शब्द से की. फिल्म नि:शब्द रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित थी. मार्च 2007 में रिलीज़ हुई इस फिल्म को मिश्रित प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन जिया खान को उनके विश्वास, शैली और सेक्स अपील के लिए पहचान मिली थी. इसी फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कारों के लिए भी नामांकित किया गया था. इसके बाद वह आमिर खान के साथ एआर मुरुगदास की फिल्म गजनी में काम किया, जो निर्देशक की इसी नाम की तमिल फिल्म का हिन्दी रीमेक था. बाद में वह साजिद खान की वर्ष 2010 में आई कॉमेडी फिल्म हाउसफुल में अक्षय कुमार के साथ नज़र आईं, और यह जिया खान की अंतिम फिल्म थी. जिया खान का

राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का गठन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 4 जून 2004 को किया गया. यह एक सलाहकारी संस्था है जिसका गठन यूपीए सरकार के घोषणा पत्र में उल्लिखित कामन मिनिमम प्रोग्राम को क्रियान्वित करने को नेतृत्व प्रदान करना है. इसके सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष की सलाह पर प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत किया जाता है. इनके सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है, जिसे बढ़ाये जाने का प्रावधान है.

## राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का कार्य:

राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) का कार्य सरकार द्वारा नीति के निर्माण में जानकारी प्रदान करना और उसके विधायी कार्य में सरकार को समर्थन प्रदान करना है. उसे अपने कार्यों के निर्वहन में सामाजिक नीति और वंचित तबकों के अधिकारों पर विशेष ध्यान देना है.

# केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास और रोजगार दिलाने की योजना रोशनी प्रारंभ

केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित 24 जिलों में ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार दिलाने की योजना 7 जून 2013 को शुरू की. इस योजना का नाम रोशनी (ROSHNI) है.

## रोशनी योजना के प्रावधान

• योजना के तहत 3 वर्ष में 25 हजार महिलाओं सहित 50 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर नियुक्तिपत्र दिलवाना है.

• इस योजना के तहत चुने गए युवाओं में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी और विशेष रूप से कमजोर वर्गों तथा जनजातीय समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी.

• योजना में 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है.

• इस योजना के अंतर्गत अग्रिम तीन वर्ष (2013-15) में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बजट से एक सौ करोड़ रूपये खर्च किये जाने का प्रावधान है.

• योजना का 75 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत राज्य सरकारों को देने का प्रावधान.

• यह योजना वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित नौ राज्यों- झारखंड, ओड़ीशा, छत्तीसगढ़, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लागू की जानी है.

केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति के उपरांत केंद्र सरकार ने एक स्वायत्तशासी एजेंसी राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी ( एनएसडीए) का 8 जून 2013 को गठन किया. प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (पीएमएनसीएसडी), राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वनय बोर्ड तथा कौशल विकास पर प्रधानमंत्री के सलाहकार के कार्यालय की सभी जिम्मेदारियां अब राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी में शामिल की गईं हैं.

## राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी के कार्य

एनएसडीए के निम्नलिखित कार्य हैं.

• कौशल विकास के क्षेत्र में भारत सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा किए गए प्रयासों को समन्वि त करना और उनमें तालमेल कायम करना.

• 12वीं पंचवर्षीय योजना के कार्यकाल तथा उसके आगे भी कौशल विकास से संबंधित जो सामाजिक, क्षेत्रीय, लैंगिक और आर्थिक असमंजस है, उन्हेंे हटाकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अन्यष पिछड़ा वर्गों, अल्पिसंख्यरकों, महिलाओं और विभिन्नन प्रकार की विकलांगता वाले व्यक्तिनयों को विभिन्ने योजनाओं के माध्यरम से सशक्तख करना.

• राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करना और व्यावसायिक प्रमाणन संस्थानओं के निर्माण कार्यों को बढ़ावा देना.

केंद्रीय मंत्रालयों और कौशल विकास निगम (यानी एनएसडीसी) अपनी योजनाओं को जारी रखेंगी.

## राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी

राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी स्वायत्तशासी एजेंसी है. इसका अध्य क्ष केंद्र के मंत्रिमंडलीय (कैबिनेट) मंत्री के समतुल्यक पद का अधिकारी होगा. इस एजेंसी में एक महानिदेशक और कई अधिकारी भी होंगे.

## विश्व महासागर दिवस (WORLD OCEANS DAY) विश्वभर में मनाया गया

8 जून: विश्व महासागर दिवस

विश्व महासागर दिवस विश्वभर में 8 जून 2013 को मनाया गया है. विश्व में समुद्र की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस की शुरूआत वर्ष 1992 में की गई थी. वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी थी. यह दिन अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष महासागरों की वजह से आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर देता है.

## मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रवि सावंत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के कोषाध्यक्ष नियुक्त

विदित हो कि माओवादियों ने 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में कांग्रेसी नेताओं के काफिले पर हमला किया, जिसमें 27 व्यक्तियों की मौत हुई और विद्याचरण शुक्ल सहित 36 अन्य घायल हुए. मरने वालों में प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनका पुत्र दिनेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा और पूर्व विधायक उदय मुदलियार शामिल थे.

## भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास इंद्र-2013 का आयोजन अक्टूबर 2013 में

**इंद्र-2013 (INDRA- 2013):** भारत और रूस के बीच एक संयुक्त सैन्याभ्यास

भारत के राजस्थान स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच एक संयुक्त सैन्याभ्यास इंद्र-2013 (INDRA- 2013) का आयोजन अक्टूबर 2013 में करने का निर्णय लिया गया है. इस आतंकवाद विरोधी वार्षिक सैन्याभ्यास में रूस और भारत के 250-250 सैनिक शामिल होंगे. रूस के साथ होने वाले इस बार के सैन्याभ्यास का उद्देश्य मरूस्थलीय वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियान की संयुक्त योजना और क्रियान्वयन रखा गया है. विदित हो कि भारत और रूस के बीच इंद्र श्रंखला के तहत वर्ष 2003 से 2012 तक 5 बार संयुक्त थल एवं नौसैनिक अभ्यास किया जा चुका है. इससे पहले दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास साइबेरिया (रूस में) के बरयातिया में अगस्त 2012 में किया गया था.

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस के साथी व आजाद हिंद फौज के योद्धा सागर सिंह का निधन

नेताजी सुभाषचंद्र बोस के साथी व आजाद हिंद फौज के योद्धा सागर सिंह का 10 जून 2013 को निधन हो गया. वह 102 वर्ष के थे. बसी बांगर गंगा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. प्रशासन की तरफ से उन्हें गारद की सलामी दी गई. सागर सिंह 5 नवम्बर 1940 को ब्रिटिश फौज में लखनऊ, उत्तर प्रदेश से भर्ती हुए थे. सात माह की ट्रेनिंग के लिए बटालियन के साथ उन्हें मेरठ भेजा गया था.

25 जनवरी 1941 में तीन माह की ट्रेनिंग के लिए सागर सिंह को दिल्ली भेजा गया परन्तु बिट्रिश शासन से विद्रोह कर वह सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारत की आजादी के लिए गठित इंडियन नेशनल आर्मी में 16 फरवरी 1941 को राजविहारी बोस के नेतृत्व में शामिल हो गए. 12 नवंबर 1941 को वह कोलकाला होते हुए पिलांग, मलाया पहुंचे तथा 8 दिसंबर 1941 को शुरू हुए बिट्रिश सेना से युद्ध के दौरान वह सिंगापुर पहुंच गए जहां उन्हें 15 फरवरी 1942 को कैद कर लिया गया. 15 मार्च 1946 में अंग्रेजों की कैद से रिहा होकर वह मुम्बई लौटे. 6 मई 1946 को उन्हें घर भेज दिया गया. वर्ष 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें स्वतंत्रता सेनानी घोषित कर ताम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया था.

## नोमाडिक एलिफेंट -2013 नामक संयुक्त सैन्याभ्यास का आयोजन

नोमाडिक एलिफेंट-2013: भारत और मंगोलिया के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास

भारतीय सेना और मंगोलियन आर्मी के मध्य संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भाग लेने के लिए मंगोलिया में 10 से 24 जून 2013 तक एक संयुक्त सैन्याभ्यास किया गया. मंगोलिया में होने वाले इस संयुक्त सैन्याभ्यास का कूट नाम नोमाडिक एलिफेंट-2013 रखा गया है. आतंकवाद निरोधी अभियानों में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के तहत तैनाती के मद्देनजर मंगोलियन सेना के साथ होने वाले इस संयुक्त सैन्याभ्यास में भारतीय सेना अपने 28 सैनिक भेजेगी. इसके पहले यह संयुक्त सैन्याभ्यास वर्ष 2012 में बेलगांव (Belgaum), कर्नाटक में आयोजित किया गया था. विदित हो कि भारत और मंगोलिया के मध्य पहला संयुक्त सैन्याभ्यास वर्ष 2004 में किया गया था.

## विश्व के सबसे उम्रदराज व्यक्ति जिरोमोन किमुरा का 116 वर्ष की आयु में निधन

विश्व के सर्वाधिक उम्र वाले व्यक्ति जिरोमोन किमुरा का क्योतो प्रांत (पश्चिमी जापान) के क्योतांगो स्थित एक अस्पताल में 12 जून 2013 को निधन हो गया. वह 116 वर्ष के थे. जिरोमोन किमुरा निमोनिया से पीड़ित थे. गिनीज वर्ल्ड बुक में जिरोमोन किमुरा का नाम दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के रूप में 17 दिसम्बर 2012 को दर्ज किया गया था और उसके एक सप्ताह बाद ही वह 115 साल और 253 दिन की उम्र तक जीने वाले पहले व्यक्ति बन गए थे.

जिरोमोन किमुरा का जन्म 19 अप्रैल 1897 को क्योतो प्रांत में हुआ था. विश्वप्रसिद्ध महिला विमान चालक एमिलिया एयरहार्ट का जन्म भी इसी वर्ष हुआ था. जिरोमोन किमुरा ने अप्रैल 2013 में अपना 116 वां जन्मदिन मनाया था. जिरोमोन किमुरा सेवानिवृत होने की उम्र तक स्थानीय डाकघर में कार्य करते रहे थे. सेवानिवृत्त होने के बाद भी जिरोमोन किमुरा नब्बे वर्ष की उम्र तक खेती में अपने बेटे की मदद करते रहते थे. जिरोमोन किमुरा अपने पीछे सात बेटे-बेटियां, 14 पोते-पोतियां और 25 परपोते-परपोतियां और 15 परपोते-परपोतियां छोड़ गए हैं. जिरोमोन किमुरा की मृत्यु के बाद ओसाका निवासी 115 वर्षीय जापानी महिला मिसाको ओकावा दुनिया की सबसे उम्रदराज जीवित व्यक्ति बन गई. मिसाको ओकावा को पहले ही दुनिया की सबसे उम्रदराज जीवित महिला माना जाता है.

## अमेठी (उप्र) में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल हेतु आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय

उत्तर प्रदेश के अमेठी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के लिए आधुनिक रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया. केंद्रीय गृहमंत्रालय ने यह निर्णय 12 जून 2013 को लिया. यह रंगरूट प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) वर्ष 2013 तक में चालू हो जाना है. प्रशिक्षण केंद्र में 1000 नये रंगरूटों को

• वर्ष 1992 के चुनाव में विमला डांग ने अमृतसर पश्चिम विधानसभा सीट भाकपा के लिए जीती.

• डांग दम्पति भाकपा के राष्ट्रीय परिषद से संन्यास ले लिया और इस आधार पर विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय किया कि राजनीतिक पद के लिए एक आयु सीमा होनी चाहिए.

## तान वांग इंग का उपन्यास द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स को वाल्टर स्कॉट पुरस्कार -2013

द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स: तान वांग इंग

मलेशियाई लेखक तान वांग इंग द्वारा लिखित उपन्यास द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स ने वाल्टर स्कॉट पुरस्कार 2013 जीता. यह तान वांग इंग का दूसरा उपन्यास है. उनका पहला उपन्यास द गिफ्ट ऑफ रेन है.

### द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स

यह पुस्तक जापान द्वारा मलेशिया स्थित मलाया क्षेत्र पर कब्जा कर लेने के बारे में लिखी गई है. इस पुस्तक में युद्ध के बाद ब्रिटिश शासन के विरूद्ध हुए उग्रवाद को भी शामिल किया गया. इस उपन्यास में प्यार और प्रायश्चित, बर्बरता और व्यक्तिगत और राष्ट्रीय गौरव जैसे विषयों को शामिल किया गया है. इस उपन्यास को वर्ष 2012 के बुकर पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया था.

### तान वांग इंग से संबंधित मुख्य तथ्य

• वह मेन एशियन लिटरेरी प्राइज प्राप्त करने वाले मलेशिया के पहले लेखक हैं.

• तान वांग इंग को उनके उपन्यास द गार्डन ऑफ ईवनिंग मिस्ट्स के लिए वर्ष 2012 के मेन एशियन लिटरेरी प्राइज से भी सम्मानित किया गया था.

• उनका पहला उपन्यास वर्ष 2007 में प्रकाशित द गिफ्ट ऑफ रेन है. यह उपन्यास वर्ष 2007 के मैन बुकर पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध था. इस उपन्यास का फ्रेंच, ग्रीक, रोमानियाई, इतालवी, चेक और सर्बियाई जैसी भाषाओं में अनुवाद किया गया है.

• उनका दूसरा उपन्यास वर्ष 2012 में प्रकाशित द गार्डन ऑफ इवनिंग मिस्ट्स है.

• तान वांग इंग एक मलेशियाई उपन्यास लेखक हैं जिनका जन्म वर्ष 1972 में पेनांग में हुआ था.

## रॉ के संस्थापकों में से एक और पूर्व आईपीएस अधिकारी बहुकुटुंबी रमन का निधन

भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के संस्थापकों में से एक और पूर्व आईपीएस अधिकारी बहुकुटुंबी रमन का कैंसर के कारण चेन्नई में 16 जून 2013 को निधन हो गया. वह 77 वर्ष के थे.

## बहुकुटुंबी रमन के जीवन से संबंधित मुख्य तथ्य

• वह वर्ष 1961 के मध्य प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी थे.

• उन्हें रामेश्वर नाथ काओ ने वर्ष 1968 में रॉ की स्थापना के समय इसमें चुना था.

• वह वर्ष 1988 से वर्ष 1994 तक खुफिया एजेंसी रॉ की आतंकवादी निरोधक इकाई के प्रमुख रहे.

• वह केन्द्र सरकार द्वारा खुफिया सेवाओं में सुधार हेतु वर्ष 2000 में गठित विशेष टास्क फोर्स तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के भी सदस्य रहे.

• वह 26 वर्ष तक भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) से जुड़े रहे और 31 अगस्त 1994 को कैबिनेट सचिवालय में अतिरिक्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए.

• बहुकुटुंबी रमन करगिल घुसपैठ पर खुफिया एजेंसियों की नाकामी के कारणों का पता लगाने हेतु गठित समिति के सदस्य थे.

• बहुकुटुंबी रमन ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में रॉ की भूमिका पर पुस्तक काओ बॉयज ऑफ रॉ भी लिखी थी. इस पुस्तक में खुफिया ब्यूरो (आईबी) के वरिष्ठ अधिकारी रामेश्वर नाथ काओ द्वारा एजेंसी की स्थापना से लेकर उसके बाद के कामकाज पर प्रकाश डाला गया था.

• उन्होंने वर्ष 2007 में आई अपनी पुस्तक काओ बॉयज ऑफ रॉ में बताया कि किस तरह से भारत-चीन तथा भारत-पाकिस्तान युद्ध में खुफिया नाकामी के बाद देश की बाहरी सुरक्षा का दायित्व संभालने हेतु खुफिया ब्यूरो (आईबी) से अलग हटकर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की स्थापना की गई.

## रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ)

रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) भारत का अंतर्राष्ट्रीय गुप्तचर संस्था है. इसका गठन सितंबर 1968 में किया गया था. जब अन्वेषण ब्यूरो (जो पहले घरेलु व अंतरराष्ट्रीय मामले संभालती थी) वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध व वर्ष 1956 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अच्छी तरह कार्य नहीं कर पाया था, जिसके चलते भारतीय सरकार को एक ऐसी संस्था की ज़रूरत महसूस हुई जो स्वतन्त्र और सक्षम तरीके से बाहरी जानकारियां जमा कर सके. रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का मुख्य कार्य जानकारी इकठ्ठा करना, आतंकवाद को रोकना व गुप्त ऑपरेशनों को अंजाम देना है. इसके साथ ही यह विदेशी सरकारों, कंपनियों व

इंसानों से मिली जानकारी पर कार्य करना है, ताकि भारतीय नीति निर्माताओं को सलाह दी जा सके. रॉ का मुख्यालय नई दिल्ली में है.

## जॉन डब्ल्यू एशे को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 68 वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया

एंटिगुआ और बारबुडा के राजदूत जॉन डब्ल्यू एशे (John W. Ashe) को संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly) के 68वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया. जॉन डब्ल्यू एशे न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में एंटिगुआ और बारबुडा के स्थायी प्रतिनिधि हैं. इनका चयन 15 जून 2013 को किया गया. जॉन डब्ल्यू एशे का जन्म एंटिगुआ और बारबुडा में हुआ था. संयुक्त राष्ट्र महासभा का मुख्यालय मैनहैटन द्वीप, न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) में है. चयन के ठीक बाद पद संभालने वाले जॉन डब्ल्यू एशे ने कहा कि 18 माह में यह वैश्विक संस्था सबके लिए सतत विकास का एजेंडा शुरू करेगी. यह संयुक्त राष्ट्र की अब तक की सबसे ज्यादा स्पष्ट और महत्वाकांक्षी परियोजना होगी. साथ ही दो मुख्य लक्ष्यों पर ध्यान देते हुए नई और उभरती चुनौतियों पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है. ये दो लक्ष्य हैं- गरीबी से उबरना और सतत विकास सुनिश्चित करना.

जॉन डब्ल्यू एशे ने कहा कि सतत विकास के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पक्षों की समग्रता के लिए नई साझेदारियां सर्वोच्च हैं. उन्होंने कहा 2015 के बाद के विकास एजेंडे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सोच में हुआ विकास परिलक्षित होना चाहिए. आगे उन्होंने कहा यदि इसे और स्पष्ट तरीके से कहा जाए तो सतत विकास महासभा का काम है. यह हमारे अस्तित्व का कारण है. उन्होंने कहा कि 68वें सत्र की थीम 2015 के बाद के विकास एजेंडे पर आधारित होगी और यह थीम होगी-आओ दृढ़ इच्छा के साथ आगे बढ़ें. संयुक्त राष्ट्र महासभा संयुक्त राष्ट्र के पांच मुख्य अंगों में से एक है. इस सभा का हर वर्ष सब सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सम्मेलन होता है. इन प्रतिनिधियों में से एक को अध्यक्ष चुना जाता है. क्योंकि समान्य सभा वह अकेला मुख्य अंग है जिसमें सब सदस्य देश सम्मिलित होते है, उसके सम्मेलन अधिकतर विवाद के मंच होते है.

### संयुक्त राष्ट्र महासभा

संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembly) संयुक्त राष्ट्र की सर्वांगीण संस्था है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के समस्त सदस्य राष्ट्रों का सम प्रतिनिधित्व है. संयुक्त राष्ट्र महासभा संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्र के अंतर्गत आनेवाले समस्त विषयों पर तथा संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न अंगों की कार्यपरिधि में आनेवाले प्रश्नों पर विचार करती है और सदस्य राष्ट्रों एवं सुरक्षा परिषद से उचित अभिस्ताव कर सकती है.

### संयुक्त राष्ट्र (UNITED NATIONS)

व्यवस्था उलट पुलट हो जानी है और अनेक राज्य यह अनुमान लगाने में विफल हो रहे हैं कि इसके कारण कुछ मदों में उनको कितना नुकसान होना है. यही कारण है कि वह इसका विरोध कर रहे हैं.

## भारत और चीन के सूचना मंत्रियों द्वारा चीन फिल्म महोत्सव 2013 का उद्घाटन

भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्री मनीष तिवारी और चीन के प्रेस प्रशासन, प्रकाशन, रेडियो, फिल्म एवं टेलीविजन मंत्री काई फूचाओ ने नई दिल्ली में संयुक्त रूप से 6 दिवसीय चीन फिल्म महोत्सव 2013 का उद्घाटन 18 जून 2013 को किया.

### चीन फिल्म महोत्सव 2013

• चीन फिल्म महोत्सव 2013 नई दिल्ली के सिरी फोर्ट कांप्लेक्स में 18 से 23 जून 2013 के मध्य का आयोजन होना निर्धारित है.

• इस महोत्सव के तहत दोनों देशों द्वारा फिल्मों के सह-निर्माण और रेडियो तथा टेलीविजन के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाया जाना है.

• महोत्सव में भारतीय दर्शकों के लिए चीन में निर्मित विविध श्रेणी की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाना है. चीनी फिल्मों से भारत के दर्शकों को चीन के बारे में जानकारी पाने का मौका प्राप्त होना है.

• इस अवसर पर चीन से भारत आने वाले प्रतिनिधिमंडल में चीन में फिल्म निर्माण से जुड़ी जानी मानी हस्तियां एवं अभिनेता/अभिनेत्रियां द्वारा शामिल रहा जाना है.

• चीनी अभिनेता जैकी चान द्वारा भी इस महोत्सव में प्रतिभागी बना जाना है.

• इस फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों में अपने अद्वितीय दृश्य रचना के लिए विश्वविख्यात चीन के महान मौलिक फिल्मकार वांग कार वाई की फिल्म द ग्रैंडमास्टर्स भी शामिल है.

• इस महोत्सव में चीन के बेहद सफल वाणिज्यिक फिल्म निर्माता फेंग जियाओगांग की बैक टू 1942 भी दिखाई जानी है.

• भारत-चीन आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिषद (आईसीईसी), प्रेस, प्रकाशन, रेडियो एवं टेलीविजन के राज्य प्रशासन तथा चीनी जनवादी गणराज्य के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है.

• भारत की तरफ से इस फिल्म महोत्सव के आयोजन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान की जानी है.

क्षेत्र से सम्बद्ध अमेरिकी सैन्य प्रमुख और विदेश तथा आतंरिक सुरक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे. विदेश मंत्री बनने के बाद जॉन कैरी की यह पहली भारत यात्रा रही. राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में यह भारत के साथ पहली उच्चस्तरीय राजनीतिक वार्ता थी.

भारत यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री जॉन कैरी ने 24 जून 2013 को हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के साथ बैठक की. इसके अलावा वह प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से उनके निवास पर मिले और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की. अमेरिकी विदेश मंत्री ने मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ एमएम पल्लमराजू के साथ भारत और अमेरिका के मध्य उच्चस्तरीय शिक्षा वार्ता की अध्यक्षता भी की. भारत और अमेरिका के बीच उच्च शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और मजबूत करने के लिए चार समझौतों पर 25 जून 2013 को हस्ताक्षर किए गए. विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बीच तीसरी भारत-अमेरिका उच्च शिक्षा वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए. समझौतों में सामुदायिक कालेज खोलने और ऑन लाइन पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी जोर दिया गया है.

## अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी रोधी दिवस विश्वभर में मनाया गया

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी रोधी दिवस विश्वभर में 26 जून 2013 को मनाया गया. वर्ष 2013 के लिए इसका विषय रखा गया- मेक हेल्थ योर न्यू हाई इन लाइफ, नॉट ड्रग्स (Make health your new high in life, not drugs). वर्ष 2013 के अभियान का उद्देश्य इन्टरनेट के जरिए खुले तौर पर बेचे जा रहे मादक द्रव्यों के व्यापार पर अंकुश लगाना है.

### अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी रोधी दिवस से संबंधित मुख्य तथ्य

• मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और उनकी लत छुड़ाने के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को यह दिन मनाया जाता है.

• संयुक्त राष्ट्र संघ ने 7 दिसंबर 1987 को प्रत्येक वर्ष 26 जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी.

• पहली बार यह दिवस 26 जून 1988 को विश्वभर में मनाया गया था.

विदित हो कि विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 15 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 21 करोड़ लोग नशे के शिकार हो जाते हैं. भारत जहां नशीली दवाओं का व्यापार अपने पैर पसार चुका है. वहीं सरकार ने अवैध पदार्थों के बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए जांच के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय के नशामुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अधिसूचित सरकारी अस्पतालों में लोगों को चिकित्सकीय सहायता के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है.

## अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान-2013 के लिए कथाकार पंकज सुबीर का चयन

वर्ष 2013 के अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान (International Indu Sharma Katha Samman 2013) के लिए भारत के हिंदी के युवा कथाकार पंकज सुबीर का चयन उनके कहानी संग्रह महुआ घटवारिन और अन्य कहानियों के लिए किया गया. क्रम में यह 19वां सम्मान है. यह कहानी संग्रह सामयिक प्रकाशन द्वारा वर्ष 2012 में प्रकाशित किया गया.

अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान लंदन के हाउस ऑफ कॉमंस (House of Commons ) में अक्टूबर 2013 को दिया जाना है. यह जानकारी कथा यूके के अध्यक्ष एवं बीबीसी के पूर्व पत्रकार कैलाश वधवार ने 26 जून 2013 को दी.

### युवा कथाकार पंकज सुबीर से सम्बंधित तथ्य

38 वर्षीय पंकज सुबीर मध्य प्रदेश के निवासी हैं.

पंकज सुबीर को उनके उपन्यास ये वो शहर तो नहीं पर भारतीय ज्ञान पीठ नवलेखन पुरस्कार दिया गया था.

### अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान

अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान कवयित्री और लघु कहानियों की लेखिका इंदु शर्मा की स्मृति में प्रतिवर्ष इंदु शर्मा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है. इस सम्मान के तहत लेखक को दिल्ली से लंदन तक की हवाई यात्रा का खर्च, शील्ड और शॉल प्रदान किया जाता है. विदित हो कि कथाकार और वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सौरभ को उनके उपन्यास तीसरी ताली के लिए वर्ष 2012 के लिए अंतरराष्ट्रीय इंदु शर्मा कथा सम्मान (18वां) दिया गया था.

## केविन रड (KEVIN RUDD) ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

केविन रड (Kevin Rudd) ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद की शपथ 27 जून 2013 ली. केनबरा में गवर्मेंट हाउस में गवर्नर जनरल क्यूंटिन ब्रायस ने केविन रड को शपथ दिलाई. केविन रड ने जूलिया गिलार्ड का स्थान लिया. जूलिया गिलार्ड वर्ष 2010 में केविन रड को हटाकर प्रधानमंत्री बनी थीं और उसके बाद से 26 जून 2013 को उन्हें तीसरी बार पार्टी (लेबर पार्टी) के नेता पद के चुनाव का सामना करना पड़ा, जिसमें वह अपदस्थ रहीं और उन्होंने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की. इसके साथ ही एंथनी अल्बानीज ने केविन रड के सहायक के रूप में शपथ ली, जबकि क्रिस बोवेन को वित्तमंत्री बनाया गया.

• आईएनएस त्रिकंड की कमान कैप्टन अजय कोछर को सौंपी गई है. वह गनरी और मिसाइल युद्ध में विशेषज्ञ हैं, जिन्हें वर्ष 1988 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त हुआ था.

• इसमें अधिकारियों सहित करीब 300 नौसेना कर्मियों के दल द्वारा काम किया जाना है. जल्दी ही यह पोत द्वारा भारत के लिए अपनी यात्रा शुरू की जानी है और पश्चिमी बेड़े में अपनी श्रृंखला के जहाजों के साथ मिल जाना है.

## खेल | खिलाड़ी

### आर वेंकट राहुल को 15वीं एशियाई युवा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 3 स्वर्ण

भारत के आर वेंकट राहुल ने दोहा में 15वीं एशियाई युवा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में 77 किलोग्राम भार वर्ग के तीनों स्वर्ण पदक 31 मई 2013 को जीते. आर वेंकट राहुल ने स्नैच में 132 और क्लीन तथा जर्क में 157 किलोग्राम और कुल 289 किलोग्राम वजन उठाया और इस वर्ग के तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए. विदित हो कि चैम्पियनशिप में भारत ने 31 मई 2013 तक कुल 27 पदक जीते हैं, जिसमें 13 स्वर्ण, 7 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं.

### भारत ने पहले एशियाई टीम स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीता

भारत ने दोहा में आयोजित पहले एशियाई टीम स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब 30 मई 2013 को जीता. फाइनल में मनन चन्द्रा, ब्रिजेश दमानी और आलोक कुमार की भारतीय टीम ने ईरान को 3-0 से पराजित किया. टीम ने पहले एकल में 61-49, दूसरे एकल में 58-16 और युगल में 63-55 से जीत दर्ज की. प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को और क्वार्टर फाइनल में कतर को पराजित किया था.

### भारत को स्लोवाक जूनियर ओपन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2013 का स्वर्ण पदक

भारतीय लड़कियों की टीम ने स्लोवाकिया स्थित सेनेच में आयोजित स्लोवाक जूनियर ओपन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2013 की टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक 31 मई 2013 को जीता. इसके साथ ही इस प्रतिस्पर्धा में भारतीय लड़कों की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया. भारतीय लड़कियों ने सर्बिया को खिताबी

मुकाबले में 3-2 से पराजित किया, जबकि चेक गणराज्य ने लड़कों के वर्ग में भारत को 3-1 से पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया.

भारतीय लड़कियों की टीम में सुतिर्था मुखर्जी, मनिका बत्रा और रीथ टेनिसन जबकि भारतीय लड़कों की टीम में सुधांशु ग्रोवर, अभिषेक यादव और रोहित राजशेखर शामिल थे. फैंटिसेक सरमाक और ल्यूसी राडेका ने फ्रेंच ओपन टेनिस चैंपियनशिप-2013 के मिश्रित युगल का खिताब जीता

चेक गणराज्य के फैंटिसेक सरमाक और ल्यूसी राडेका की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन टेनिस चैंपियनशिप- 2013 के मिश्रित युगल का खिताब 6 जून 2013 को जीत लिया. इस जोड़ी ने कनाडा के डेनियल नेस्टर और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लाडेनोविक की जोड़ी को 1-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया. फाइनल मैच पेरिस में 6 जून 2013 को खेला गया.

फैंटिसेक सरमाक यह पहला ग्रैंड स्लैम और ल्यूसी राडेका का दूसरा ग्रैंड स्लैम है. ल्यूसी राडेका ने इसके पहले वर्ष 2011 में अन्द्रिया लवाकोवा (Andrea Hlavackova) के साथ महिला युगल का खिताब जीता था.

विदित हो कि फ्रेंच ओपन टेनिस एक मुख्य टेनिस टूर्नामेंट है जो प्रतिवर्ष मई के अंत तथा जून के प्रथम दो सप्ताह के मध्य फ्रांस की राजधानी  पेरिस में स्टेड रोलैंड गर्रोस में खेला जाता है. यह वार्षिक टेनिस कैलेंडर में दूसरा ग्रैंड स्लैम है तथा दुनिया का प्रमुख क्ले कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट है. फ्रेंच ओपन टेनिस ही एकमात्र ऐसा ग्रैंड स्लैम है जो अभी भी मिट्टी पर आयोजित किया जाता है. ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों हार्ड कोर्ट पर खेले जाते हैं, जबकि विंबलडन घास पर खेला जाता है. वार्षिक टेनिस कैलेंडर का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन तीसरा ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन तथा चौथा ग्रैंड स्लैम विंबलडन ओपन टेनिस प्रतियोगिता है.

## सेरेना विलियम्स ने फ्रैंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2013 के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2013 के महिला एकल वर्ग का खिताब 8 जून 2013 को जीता. सेरेना विलियम्स ने दूसरी वरीयता प्राप्त रूस की मारिया शारापोवा को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से पराजित किया. सेरेना विलियम्स ने वर्ष 2002 के बाद पहली बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता है. यह उनके कॅरियर का यह कुल 16वां ग्रैंड स्लैम खिताब भी है.

### सेरेना विलियम्स से संबंधित मुख्य तथ्य

• सेरेना विलियम्स ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2013 में महिलाओं के एकल वर्ग का खिताब 12 मई 2013 को जीता. फाइनल में सेरेना विलियम्स ने रूस की मारिया शारापोवा को 6-1, 6-4 से पराजित किया था.

a. कोलंबो (श्रीलंका)

b. ढाका (बांग्लादेश)

c. अंताल्या (तुर्की)

d. नई दिल्ली (भारत)

Ans: c. अंताल्या (तुर्की)

अधिक स्पोर्ट्स करेंट अफेयर्स क्विज के लिए क्लिक करें...

# कार्पोरेट

## एनआर नारायणमूर्ति इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस टेक्नोलॉजीज ने नागवार रामाराव नारायणमूर्ति (एनआर नारायणमूर्ति) को बोर्ड का कार्यकारी अध्यक्ष और अतिरिक्त निदेशक बनाने का निर्णय 1 जून 2013 को किया. एनआर नारायणमूर्ति द्वारा केवी कामथ का स्थान लिया जाना है. केवी कामथ को लीड स्वतंत्र निदेशक (Lead Independent Director) नियुक्त किया गया है. नागवार रामाराव नारायणमूर्ति सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और उद्योगपति हैं. वह इंफोसिस के पूर्व अध्यक्ष भी हैं. उन्होंने वर्ष 1981 में इन्फोसिस की स्थापना की थी.

### इंफोसिस टेक्नोलॉजीज

इन्फोसिस एक बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी है, जिसका मुख्यालय है जो बेंगलुरु में स्थित है. यह भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में से एक है जिसके पास 30 जून 2008 को (सहायकों सहित) 94379 से अधिक पेशेवर हैं. इसके भारत में 9 विकास केन्द्र और दुनिया भर में 30 से अधिक कार्यालय हैं. इसकी बाजार पूंजी 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है.

## रमेश नैयर भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) के अध्यक्ष नियुक्त

रमेश नैयर को भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (chief executive officer.) नियुक्त किया गया. इनकी नियुक्ति 3 जून 2013 को की गई. छत्तीसगढ़ के कोरबा

इलाके में प्रमुख रूप से काम करने वाली भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) इस समय 810 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र के साथ 2.45 लाख टन एल्युमिनियम प्रतिवर्ष उत्पादन करने वाली एक अत्याधुनिक प्रगलन उपक्रम का संचालन कर रही है. कंपनी 10000 करोड़ रुपये की लागत से एक 1200 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र के साथ 3.25 लाख टन प्रतिवर्ष उत्पादन करने वाले एक नए एल्युमिनियम प्रगलन संयंत्र को स्थापित करने के आखिरी चरण में है. बाल्को भारत की पहली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है. इसमें वर्ष 1974 में एल्युमिनियम का उत्पादन प्रारम्भ हुआ था. वर्ष 2011 तक इसमें शत प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार का था. परन्तु वर्ष 2001 में भारत सरकार ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के पक्ष में 51% इक्विटी और प्रबंधन नियंत्रण वापस ले ली.

## उद्योगपति डा. गौर हरि सिंघानिया जेके ग्रुप ऑफ आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष नियुक्त

डा. गौर हरि सिंघानिया को जेके ग्रुप ऑफ आर्गनाइजेशन का अध्यक्ष 13 जून 2013 को नियुक्त किया गया. उन्होंनें हरिशंकर सिंघानिया का स्थान लिया. हरिशंकर सिंघानिया का फरवरी 2013 में निधन हो गया था. डा. गौर हरि सिंघानिया मर्चेंट चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के चीफ पैटर्न भी हैं.

### जेके समूह

जेके ग्रुप ऑफ आर्गनाइजेशन की स्थापना लाला कमलापत सिंघानिया ने की थी. जेके समूह का वार्षिक कारोबार 15 हजार करोड़ रुपए का है. जेके समूह में जेके सीमेंट लिमिटेड, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जेके टायर उद्योग, जेके पेपर एवं रेमंड शामिल हैं. इसके कार्यालय भारत के लगभग सभी शहरों एवं यूएई, लंदन और केन्या में हैं. कंपनी में 25 हजार कर्मचारी काम करते हैं. मर्चेंट चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की महासचिव अनीता झा के अनुसार डॉ. गौर हरि सिंघानिया को जेके आर्गनाइजेशन के मुख्यालय कानपुर में हुई बैठक में समूह का अध्यक्ष चुना गया.

## एसके रॉय भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी ) के अध्यक्ष नियुक्त

एसके रॉय को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का अध्यक्ष जून 2013 के दूसरे सप्ताह में नियुक्त किया गया. एसके रॉय द्वारा डीके मेहरोत्रा का स्थान लिया जाना है. डीके मेहरोत्रा 31 मई 2013 को एलआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे, जिसके बाद थॉमस मॅथ्यू टी को एलआईसी का प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया था.

### एसके रॉय से संबंधित मुख्य तथ्य

• एसके रॉय को एलआईसी का प्रबंध निदेशक 31 मई 2013 को नियुक्त किया गया था.